जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, गुरुवार 12 जून, 2025



## विचार बिन्दु

**सुधार के बिना पश्चाताप ऐसा है जैसे सुराख़ बंद किये बिना जहाज में से पानी निकालना। –पामर**

# सीवर लाइनों की सफाई अब भी जानलेवा: सरकार सीरियस क्यों नहीं है?

22 मई 2025 को राजस्थान के बीकानेर में एक हृदयविदारक घटना ने देशभर का ध्यान हमारी ओर खींचा, और यह ध्यानाकर्षण कलंक का कारक बना। करणी औद्योगिक क्षेत्र में भवानी वूलन मिल के सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान तीन सफाई कर्मचारी–अनिल कुमार चांगरा (36), सागर राज लखन (30), और गणेश (28)– जहरीली गैस की चपेट में आकर दम घुटने से मर गए। यह हादसा उसी दिन हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस घटना ने राजस्थान का सिर शर्म से झुका दिया। इस घटना ने मैनुअल स्कैवेंजिंग की जानलेवा परिस्थितियों, सुरक्षा उपायों की कमी, और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया। वैसे यह कोई नई समस्या नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में ऐसी घटना का होना बहुत चिन्ताजनक है। देखना है राज्य सरकार इससे क्या सबक लेती है। यूं राजस्थान और देश के अन्य विकसित राज्यों में ऐसी घटनाएँ बार–बार सामने आती रहती हैं, जो सामाजिक उदासीनता, आर्थिक शोषण, और तकनीकी पिछड़ेपन को दर्शाती हैं।

बीकानेर की घटना के इर्द–गिर्द सफाई कर्मचारियों की स्थिति, सामाजिक दृष्टिकोण, मैनुअल सफाई की निरंतरता, ठेकेदारों की जवाबदेही, भारत में रोबोटिक क्लीनिंग, विदेशी प्रथाएँ, सरकारी सहायता, और समाधान के सुझावों सब को देखने–परखने की जरूरत है। राजस्थान में मैनुअल स्कैवेंजिंग के दौरान होने वाली मौतें एक गंभीर संकट हैं। बीकानेर की घटना से पहले, 2025 में जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में को चार सफाई कर्मचारियों की सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मौत हुई थी। डीग में भी तीन मजदूरों की जान गई थी। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 से 2023 तक देशभर में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 377 लोग मरे, जिनमें राजस्थान का हिस्सा उल्लेखनीय था। बीकानेर में पुलिस की प्रारंभिक जाँच के अनुसार, सेप्टिक टैंक में कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य जहरीली गैसों की उच्च मात्रा थी। मजदूरों को बिना मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर, या सुरक्षात्मक सूट के उतारा गया। एक मजदूर के बेहोश होने पर दो अन्य उसे बचाने उतरे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आ गए। यह लापरवाही ठेकेदारों, फैक्ट्री मालिकों, और प्रशासन की उदासीनता को दर्शाती है, जो 2013 के मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन पर प्रतिबंध और उनके पुनर्वास अधिनियम का उल्लंघन है।

देश के अन्य कथित तौर पर विकसित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, और दिल्ली में भी स्थिति चिंताजनक है। महाराष्ट्र में 2021–2024 के बीच 18 सफाई कर्मचारियों की मौत हुई, जैसा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की सामाजिक ऑडिट रिपोर्ट में दर्ज है। मुंबई में 2022 में तीन मजदूरों की सेप्टिक टैंक में दम घुटने से मौत हुई। स्वयं प्रधानमंत्री के गृहराज्य गुजरात में अहमदाबाद और सूरत में 2023–2024 में 12 मौतें हुईं। तमिलनाडु में चेन्नई में 2024 में दो मजदूरों की मौत हुई। कर्नाटक में बेंगलुरु में 2023 में तीन मजदूर मरे। दिल्ली में 2024 में चार ऐसी घटनाएँ दर्ज हुईं। इन राज्यों में मैनुअल स्कैवेंजिंग पर कानूनी प्रतिबंध के बावजूद, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक आर्थिक असमानताएँ इसे बनाए रखती हैं। सवाल है सफाई कर्मचारियों के प्रति समाज का सम्मानजनक नजरिया क्यों नहीं बन रहा? इसका मूल कारण भारत की जाति व्यवस्था और सामाजिक भेदभाव है। सफाई कर्मचारी अधिकतर दलित समुदायों से हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से 'अछूत' माना गया। यह मानसिकता आज भी समाज में गहरी जड़ें जमाए हुए है, जिसके कारण सफाई के काम को निम्न और अपमानजनक समझा जाता है। लोग सफाई कर्मचारियों को सम्मान देने के बजाय उनके काम को उनकी 'जातिगत नियति' मान लेते हैं।

स्कूलों, मीडिया, और सामाजिक संवाद में इस भेदभाव को खत्म करने के प्रयास नगण्य हैं। दूसरा, मध्यम और उच्च वर्ग का स्वार्थी दृष्टिकोण भी जिम्मेदार है। लोग सस्ते और त्वरित समाधान के लिए मैनुअल स्कैवेंजिंग को प्राथमिकता देते हैं, बिना मजदूरों की जान की परवाह किए। तीसरा, जागरूकता की कमी है। अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि मैनुअल स्कैवेंजिंग गैरकानूनी है और इसके खतरनाक परिणाम हैं। लोग मैनुअल सफाई क्यों कराते या होने देते हैं यह भी समझना जरूरी है, इसका पहला कारण आर्थिक है। मैनुअल स्कैवेंजिंग मशीनों की तुलना में सस्ता है। निजी घरों, छोटे उद्योगों, और यहाँ तक कि नगरीय निकाय भी लागत बचाने के लिए मजदूरों को बिना उपकरणों के खतरनाक काम में उतारते हैं। दूसरा, पुराने सीवर और सेप्टिक टैंक डिज़ाइन मशीनों के उपयोग को मुश्किल बनाते हैं। तीसरा, ठेकेदार और मालिक जानबूझकर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं, क्योंकि सस्ता श्रम आसानी से उपलब्ध है। चौथा, समाज में नैतिक जवाबदेही की कमी है। लोग यह मानते हैं कि यह मजदूरों का काम है, और उनकी मौतों को 'दुर्भाग्य' मानकर भुला दिया जाता है। अब यह भी देखने वाली बात है कि सफाई कर्मचारी और ठेकेदार सावधानी क्यों नहीं बरतते? सफाई कर्मचारियों के मामले में, गरीबी और बेरोजगारी उन्हें मजबूर करती है। अधिकांश अनुबंधित मजदूर हैं, जिन्हें न नौकरी की सुरक्षा है, न प्रशिक्षण, और न ही सुरक्षा उपकरण। वे ठेकेदारों के दबाव में बिना सवाल उठाए खतरनाक काम करते हैं। ठेकेदारों की लापरवाही का कारण मुनाफा है। वे सुरक्षा उपकरणों, प्रशिक्षण, या मशीनों पर खर्च करने से बचते हैं।

> **बीकानेर की घटना सामाजिक असमानता, आर्थिक शोषण, और तकनीकी पिछड़ेपन का प्रतीक है। जब तक मैनुअल स्कैवेंजिंग को खत्म करने के लिए ठोस प्रयास नहीं होंगे, ऐसी त्रासदियाँ जारी रहेंगी। समाज, सरकार, और निजी क्षेत्र को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई और अनिल, सागर, या गणेश अपनी जान न गँवाए।**

बीकानेर की घटना में ठेकेदार ने मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा के टैंक में उतारा, जो PEMSR अधिनियम की धारा 7 का उल्लंघन है। बिना समुचित उपकरणों के मजदूरों को काम पर लगाने वाले ठेकेदारों का क्या होता है? कानूनी रूप से, PEMSR अधिनियम के तहत ठेकेदारों पर जुर्माना और सात साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, वास्तविकता में कार्रवाई कम होती है। बीकानेर में ठेकेदार और फैक्ट्री मालिक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया, लेकिन ऐसी घटनाओं में दोष सिद्धि की दर बहुत कम है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2019–2023 के बीच देशभर में केवल 15ड़ मामलों में ठेकेदारों पर कार्रवाई हुई। इसका कारण प्रशासनिक ढिलाई, भ्रष्टाचार, और प्रभावशाली ठेकेदारों का दबाव है। कई मामलों में, ठेकेदार मामूली जुर्माना देकर बच निकलते हैं। भारत में रोबोटिक क्लीनिंग की स्थिति अभी प्रारंभिक चरण में है। कुछ शहरों में प्रयोग हो रहे हैं। उदाहरण के लिए, केरल के तिरुवनंतपुरम में 2021 में 'बैंडिकूट' नामक रोबोट का उपयोग मैनहोल सफाई के लिए शुरू हुआ। यह रोबोट मलबा हटाने और गैस का पता लगाने में सक्षम है। चेन्नई और दिल्ली में भी इसे आजमाया गया। 2024 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 शहरों में रोबोटिक सफाई के पायलट प्रोजेक्ट शुरू हुए। हालांकि, बड़े पैमाने पर इसका उपयोग नहीं हो रहा। कारण हैं– उच्च लागत (एक रोबोट की कीमत 50 लाख से 1 करोड़ रुपये), रखरखाव की जटिलता, और पुराने सीवर सिस्टम की असंगति। प्रशिक्षित ऑपरेटरों की कमी और सरकारी निवेश की कमी भी बाधाएँ हैं। फिर भी, स्टार्टअप्स जैसे जेनरोबोटिक्स और मद्रास के शोधकर्ता इस दिशा में काम कर रहे हैं।

विदेशों में मैनुअल स्कैवेंजिंग लगभग समाप्त है। जापान में टोक्यो में सेंसर और कैमरे वाले रोबोट्स सीवर सफाई करते हैं। जर्मनी में आधुनिक सीवर डिज़ाइन और सुरक्षा उपकरण अनिवार्य हैं। अमेरिका में हाई–प्रेशर जेट मशीनें और वैक्यूम ट्रक उपयोग होते हैं। मलेशिया में सरकार उपकरणों पर सब्सिडी देती है। इन देशों में कड़े श्रम कानून और तकनीकी नवाचार मैनुअल सफाई को अनावश्यक बनाते हैं। भारत में ऐसी तकनीक उपलब्ध है, लेकिन लागत और इच्छाशक्ति की कमी बाधक है। मृतकों के परिवारों को सरकारी सहायता के तौर पर सुप्रीम कोर्ट के 2023 के आदेश के अनुसार 30 लाख रुपये मुआवजा, और स्थायी अक्षमता के लिए 20 लाख रुपये दिए जाने चाहिए। बीकानेर में प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये और एक परिजन को सरकारी नौकरी की घोषणा हुई।

कोलकाता में 2025 में तीन मौतों के बाद 10 लाख रुपये प्रारंभिक मुआवजा घोषित हुआ। हालांकि, मुआवजा अक्सर देरी से मिलता है, और परिवारों को कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। NCSK स्वत: संज्ञान लेता है, लेकिन प्रक्रिया धीमी है। इस व्यवस्था में दोष कई स्तरों पर है। स्थानीय प्रशासन और नगरीय निकाय PEMSR अधिनियम लागू करने में विफल हैं। ठेकेदार और निजी कंपनियाँ मुनाफे के लिए सुरक्षा की अनदेखी करती हैं। सामाजिक संरचना दलित समुदायों को शोषित करती है। सरकारों में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है। सरकारी कदमों में राजस्थान में 54 शहरों के लिए सफाई मशीनों की मंजूरी, छह नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, और केंद्र की 'सफाईमित्र सुरक्षा चुनौती' शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में राष्ट्रीय नीति बनाने का निर्देश दिया, लेकिन प्रगति धीमी है। मशीनरी से सफाई न होने के कारणों में उच्च लागत, प्रशिक्षण की कमी, और पुराने सीवर सिस्टम हैं। सफाई कर्मचारियों की माँगें हैं–नियमित वेतन, सुरक्षा उपकरण, स्वास्थ्य बीमा, स्थायी नौकरी, और मैनुअल स्कैवेंजिंग का अंत। सहारनपुर और बीकानेर में धरनों में ये माँगें उठीं।

सुझाव निम्नलिखित हैं:–

पहला, PEMSR अधिनियम का कड़ाई से पालन हो, उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई हो। दूसरा, रोबोटिक और हाई–प्रेशर मशीनों का उपयोग अनिवार्य हो। तीसरा, सीवर सिस्टम अपग्रेड हों। चौथा, कर्मचारियों को प्रशिक्षण और उपकरण मिलें। पाँचवाँ, वैकल्पिक रोजगार के अवसर बनें। छठा, सामाजिक जागरूकता अभियान चलें। सातवाँ, मुआवजा समय पर मिले। आठवाँ, राष्ट्रीय नीति बने। बीकानेर की घटना सामाजिक असमानता, आर्थिक शोषण, और तकनीकी पिछड़ेपन का प्रतीक है। जब तक मैनुअल स्कैवेंजिंग को खत्म करने के लिए ठोस प्रयास नहीं होंगे, ऐसी त्रासदियाँ जारी रहेंगी। समाज, सरकार, और निजी क्षेत्र को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई और अनिल, सागर, या गणेश अपनी जान न गँवाए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद् और चिन्तक**

# आओ जरा कश्मीर समस्या को समझने का करें प्रयास–1



**महावीर सिंह**

7 से 10 मई 2025 के तीन दिवसीय भारत–पाक संघर्ष ने बहुत सी खबरिया चैनल्स को कश्मीर मुद्दे पर सही, गलत, भ्रामक तथ्यों को जनता को परोसने का मौका दे दिया। बेसिर–पैर की अनेकों बातों पर प्राइम टाइम में आधी–अधूरी जानकारी वाले पार्टी प्रवक्ताओं को बैठा कर जनता को भ्रमित किया या यों कहें मनोरंजन किया। कुछ प्रवक्ता तो नेहरू और माउंटबैटन दंपति के घनिष्ठ पारिवारिक रिश्तों पर टिप्पणी करने से नहीं चुके। वे सब कुछ भ्रम में ही छोड़ गए क्योंकि घटिया प्रवक्ता, पत्रकार, अक्सर इन रिश्तों को वहां तक ले जाते है जो मैं नहीं लिख सकता।

जैसा कि हम सब जानते है द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति के उपरांत ब्रिटिश सरकार की वो हैसियत नहीं रही की वह उपनिवेशों को ओर अधिक समय अपने अधीन रख सके। ब्रिटिश सरकार की आर्थिक व राजनीतिक हैसियत स्थिति निम्नतम बिंदु पर थी। जिन मूल्यों को आगे रखकर विश्व के देश ब्रिटेन की अगुवाई में युद्ध लड़ रहे थे उनमें जनतांत्रिक मूल्य, उपनिवेश स्वतंत्रता भी शामिल थे। ओर सबसे ऊपर भारतीयों की राजनीतिक चेतना, असंतोष, जन आंदोलनों ने ब्रिटेन को यह निर्णय लेने के लिए विवश कर दिया कि भारत को स्वतंत्र करना ही पड़ेगा और किया जाएगा।

इसके लिए, ब्रिटिश संसद में 17 जुलाई 1947 को इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया एक्ट 1947 पारित किया। इस एक्ट का सार यह था कि ब्रिटिश सरकार के सीधे अधीन भारतीय भू भाग का धार्मिक आधार पर दो अलग डोमिनियनस (अधिराज्य) के रूप में बंटवारा किया जाएगा। इतिहास में इसे माउंटबेटन योजना के नाम से जाना जाता है। इसमें ही धर्माधारित विभाजन का उल्लेख है।

मोहमद अली जिन्ना की अलग मुस्लिम धर्म आधारित बहुसंख्यक राज्य की मांग और ब्रिटेन की कुटिल नीतियों के चलते भारत का विभाजन हुआ।नए देशों की सीमाएं तय करने का काम ब्रिटेन के एक वकील रेडक्लिफ को सौंपा गया। उन्होंने बहुत सी जनभावनाओं को अनदेखा कर 2, 3 माह की अल्पावधि में ही, मोटे रूप से दोनों देशों भारत और पाकिस्तान की सीमाएं तय कर दी। मुस्लिम बहुल्य इलाके पाकिस्तान में शामिल किए और ब्रिटिश भारत के शेष इलाकों को भारत डोमिनियन बना।

लेकिन पूरे भारत पर ब्रिटेन का सीधा शासन नहीं था। 565 देशी राज्य थे जिन की ब्रिटेन की सरकार के साथ विभिन्न संधियां थी। इन संधियां के अनुसार उनके आपसी संबंध क्रियान्वित होते थे। इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया एक्ट के अनुसार यह रियासतें आगे के लिए अपने निर्णय अपने स्तर पर लेने के लिए स्वतंत्र हो गई। वे भारत,पाकिस्तान के साथ जुड़ सकती थी या स्वतंत्र रह सकती थी।

देसी रियासतों में भी समानांतर रूप से आजादी का आंदोलन सक्रिय रूप से चल रहा था। इस कारण देशी रियासतें चाह कर भी स्वतंत्र अस्तित्व नहीं बनाए रख सकती थी। अधिसंख्य देशी रियासतों को भारतीय संघ में शामिल करने की प्रक्रिया में, स्वतंत्रता आंदोलन के बड़े नेता व उस समय देश के उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय सरदार पटेल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने देसी रियासतों के राजाओं के साथ सतत संपर्क रख कर, वार्ताएं करके उन्हें समझाने का प्रयास किया कि उनके लिए, किसी भी दृष्टि से स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखना संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि जनता चाहती है कि उनका विलय भारत में हो। इसलिए अधिकांश देसी रियासतों में भारत संघ में शामिल होने का निर्णय किया। इसके लिए उन्हें उनकी परिसंपत्तियों, जमीनों को रखने की बहुत सी छूटें दी गई। उनकी शानशौकत बनी रहे इसके लिए सालाना परवीपर्स दिया गया व उनकी राजा महाराजा की उपाधियां कायम रखी गई।

अधिकांश रियासतों में स्थानीय जनसंख्या की आशाओं के अनुरूप भारत या पाकिस्तान में शामिल हो गई। कश्मीर, जूनागढ़, भोपाल, हैदराबाद, जोधपुर, त्रावनकोर जैसी कुछ रियासतों ने कुछ हिचकिचाहट दिखाई। इन में से कश्मीर को छोड़ कर शेष सारी रियासतें हिंदू बहुल्य जनसंख्या वाली थी। इन सबके शासकों को सरदार पटेल की निरंतर समझाइश व जनता के आक्रोश, दबाव, इच्छा के आगे इनके शासकों को भारत संघ में शामिल होने के विलय पत्र पर हस्ताक्षर करने ही पड़े। भोपाल के नवाब को माउंटबेटन में एक पत्र लिखा था जिसका सार था कि कोई भी देशी शासक अपने समीप वाले अधिसंख्य डोमिनियन से भाग नहीं सकता। सारे देशी राजाओं के यह बात समझ में आ गई और अनिच्छुक होते हुए भी उन्हें भारत के साथ विलय समझौते पर हस्ताक्षर करने ही पड़े। जूनागढ़, हैदराबाद के नवाबों में कुछ विलंब किया किंतु आंतरिक जन असंतोष व कुछ बल प्रयोग से प अंततोगत्वा इनका भी, क्रमश:20–2–1948 व 13–9–1948 को भारत में विलय हो गया। जूनागढ़ के नवाब में तो पाकिस्तान के साथ विलय पत्र पर हस्ताक्षर भी कर दिए थे किंतु जनाक्रोश के आगे नवाब को पाकिस्तान भागना पड़ा। भारत में एक तरह का जनमत संग्रह करा कर जूनागढ़ का भारत में विलय किया। पाठकों को यह भी ध्यान में रखना होगा कि त्रावनकोर व जूनागढ़ की एक सीमा समुद्र से लगती थी अर्थात यह रियासतें पूर्ण रूप से भारत से घिरी हुई नहीं थी।

कश्मीर का मुद्दा थोड़ा जटिल था–––शासक हिन्दू था और अधिसंख्य जनसंख्या मुस्लिम धर्म में आस्था रखने वाली थी। कश्मीर के शासक की इच्छा स्वतंत्र रहने की थी। उन्होंने मोन रहने की स्थिति अपनाई हुई थी। पाकिस्तान भी उनको मना रहा था कि वे पाकिस्तान में शामिल हों। पाकिस्तान की इच्छानुसार पाकिस्तान में शामिल नहीं होने पर पाकिस्तान में पश्चिमी कश्मीर के कबाइली इलाकों के कबाइलियों को हथियारबंद किया और अपनी सेना की सुरक्षा में कश्मीर पर आक्रमण कर दिया। कबाइली आक्रमणकारी श्रृंगार के आत्मीय पहुंचने पर राजा हरि सिंह के हाथपांव फूल गए। उन्होंने भारत सरकार से सहायता और सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्हें स्पष्ट किया गया कि बिना विलय के सहायता संभव नहीं है। 26 अक्टूबर 1947 को विलय पत्र पर हस्ताक्षर हुए और 27 अक्टूबर को विमानों के जरिए भारतीय सेना श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतरी। कबाइलियों को पीछे धकेलना शुरू किया । यह भी तथ्य है कि तब तक कश्मीर के एक बड़े हिस्से (बाल्टिस्तान, गिलगित आदि)

जिसे आज हम – पाक अधिकृत कश्मीर कहते हैं, उस पर पाकिस्तानी सेना काबिज हो चुकी थी। भारत के पास कश्मीर का लगभग 40–45 प्रतिशत भूभाग व 70 प्रतिशत आबादी भारत में है। 20 प्रतिशत भूमि अक्साई चीन की भूमि 1950 से ही चीन के कब्जे में है। शाक सांग घाटी का ट्रांस काराकोरम की 10 प्रतिशत भूमि पाकिस्तान ने चीन को दे दी अर्थात अवैध कब्जे का अवैध हस्तांतरण। इस से पाकिस्तान में, भारत के लिए एक अनावश्यक कठिनाई ओर उत्पन्न कर दी। 20 से 30 प्रतिशत भूभाग पाकिस्तान के कब्जे में है।

26––27 अक्टूबर 1947 से आगे की कश्मीर की घटनाओं का संक्षिप्त विवरण अगले भाग में........।

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल संरक्षण का शंखनाद

जिस राजस्थान का पूरा इतिहास जल को सहेजने का रहा, वह कुछ सालों से इस परम्परा से विमुख हो गया और इसकी भारी कीमत हम सबको चुकानी पड़ी। जल संकट का मूल कारण जल की कमी नहीं, कुप्रबंधन है क्योंकि जल तो सीमित है, उसकी मात्रा बढ़ाना हमारे हाथ में नहीं है लेकिन बेहतर प्रबंधन हम सब कर सकते हैं और सदियों से करते आए हैं। जल केवल एक तत्व नहीं, यह पृथ्वी की धमनियों में बहता जीवन है। जब यही जल संकट के कगार पर हो तो उसकी रक्षा केवल शासन–प्रशासन नहीं, पूरा समाज करता है। इसी दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश भर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शंखनाद किया है। इसके माध्यम से राज्य सरकार के जल संरक्षण के प्रयास जनसंकल्प में बदल रहे हैं। राजस्थान की धरा, जहां कभी रेत की परतों में जीवन की प्यास छुपी रहती थी, आज जल संरक्षण की एक नई चेतना से जागृत हो रही है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 5 जून से शुरू होकर 20 जून तक विविध एवं विस्तृत गतिविधियां की जा रही हैं। राज्य के सभी जिलों में किसी एक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत से इस अभियान की



**रोहित मित्तल**

शुरूआत हुई। धौलपुर जिले में ऐतिहासिक तालाब ए शाही झील से अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान मात्र एक संयोग नहीं बल्कि इतिहास और भविष्य के संगम का प्रतीक है। एक नई जल संस्कृति का उदय, जहां परंपरा, पर्यावरण और प्रशासन मिलकर जल की हर बूंद को जीवन समझते हैं।

**वंदे गंगा, जल से जुड़ती जन–चेतना :** यह अभियान एक आत्मिक स्पंदन है। यह उस समाज को जाठात करने का यत्न है, जो वर्षों से जल को सहेजता आया है, और अब उसके महत्व को गंभीरता से समझने लगा है। गांवों की चौपालों में, विद्यालयों के प्रांगण में, खेतों के किनारे और झीलों के घाटों पर पौधे रोपे जाएंगे, कहीं अमृत सरोवरों की गाद निकाल कर उन्हें नया जीवन दिया जाएगा, कहीं स्कूली बच्चों की प्रभात फेरियों में जल संरक्षण के स्वर गूंजेंगे। यह आंदोलन जल स्त्रोतों की तलहटियों से उठी वह सच्चाई है, जो हमें स्मरण दिलाएगी कि जल केवल पीने की वस्तु नहीं, जीने का दर्शन है।

तालाब–ए–शाही से उठती वंदे गंगा जल संरक्षण की पुकार :

एक सभ्यता तब तक जीवित रहती है, जब वह अपने अतीत से संवाद बना कर, उससे प्रेरणा और सीख लेकर, गलतियां सुधार कर अपने वर्तमान से बेहतर कल का वादा करे न करे, कम से कम उस बेहतर भविष्य की आस अपने आने वाली पीढ़ियों की धमनियों में सतत बहने की गारंटी लिख दे।

ऐसे में तालाब ए शाही से प्रारंभ वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान महज एक प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक जागरण की शुरुआत है। इससे तत्काल न तो जल समस्या का समाधान होगा, न यकायक भू–जल स्तर बढ़ जाएगा लेकिन बढ़ जाएगा एक विश्वास कि यह धरा हम सब की मां है और जिस प्रकार यह हम सब का ख्याल रखती है, पालन–पोषण करती है, इसे कोई जरूरत पड़े तो समाज, सरकार, नारी शक्ति, युवा शक्ति एक–दूसरे का मुंह नहीं ताकते, मिलकर सेवा करते हैं, एक परिवार का आभास करवाते हैं।

तालाब–ए–शाही, आज फिर एक नई भूमिका में हमारे समक्ष है। अतीत में जहां यह शाही विश्रामगृह और शिकार स्थल था, वहीं आज यह जल संरक्षण की चेतना का प्रतीक बन रहा है। लगभग चार सौ वर्ष पुराना यह जल स्त्रोत न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्व रखता है बल्कि आज भी हजारों किसानों की आजीविका, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता का आधार बना हुआ है।

तालाब ए शाही जहां इतिहास और जल संरक्षण एक साथ बहते है : झील कभी शाही शिकारगाह रही है। लाल बलुआ पत्थरों से बना शाही महल, झील के किनारे बनी राजा–रानी की बैठक, यहां के कुछ विशेष आकर्षण हैं। आज वही तालाब ए शाही आधुनिक राजस्थान में 3681 किसानों की 410 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का आधार बन चुका है। सर्दियों में इस झील की प्रवासी पक्षियों से भरी जीवन्तता और नहरों से बहता सिंचित जीवन के कारण धौलपुर जिले में वंदे गंगा अभियान का शुभारंभ यहीं से हो रहा है। जल के साथ अन्य पहलुओं को समाहित करता यह व्यापक अभियान उन सैकड़ों सूखते तालाबों, गाद से पट चुके अमृत सरोवरों और उपेक्षित जल स्त्रोतों को पुन: जीवंत करने का प्रयास है, जिन्हें कभी हमारी सभ्यता की आत्मा कहा जाता था। अभियान के अंतर्गत गाद निकासी, पौधारोपण, परिंडे बांधने, श्रमदान और जनसहभागिता जैसी गतिविधियां केवल क्रियात्मक उपाय नहीं हैं; वे उस चेतना का पुनर्निर्माण हैं, जो आधुनिकता की दौड़ में हमने खो दी थी। राज्य सरकार की यह पहल सराहनीय है कि जल संरक्षण को केवल योजनाओं तक सीमित न रखकर उसे जन आंदोलन के रूप में स्थापित किया जा रहा है। विद्यालयों, पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं और आम जन को इससे जोड़कर जिस सामाजिक सहभागिता की नींव रखी जा रही है, वह दीर्घकालीन परिवर्तन की आशा जगाती है।

**(रोहित मित्तल)**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी,**
**सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय,**
**धौलपुर।**

## अभियान का आगाज

**शाहपुरा।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में वन विभाग शाहपुरा द्वारा करोलाई तालाब ढिकोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे तालाब क्षेत्र में पॉलीथिन सफ़ाई कर तालाब को प्लास्टिक मुक्त का कार्य किया और तालाब में श्रमदान का कार्य किया गया । मौके पर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई ।

# ऐतिहासिक स्थलों पर योगाभ्यास

**बूंदी।** एकादश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आमजन को योगाभ्यास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग काउंटडाउन एट हेरिटेज अभियान जारी है।

> **■ अभियान के तहत आज योग फॉर निरोगी बूंदी की टीम ने योग किया**

इस अभियान के तहत आज योग फॉर निरोगी बूंदी की टीम ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों – नवलसागर झील, जेतसागर झील और सुखमहल पर योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिले के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास आयोजित करने के निर्देशानुसार, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान प्रभारी एवं जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बूंदी के पीएमओ डॉ. सुनील कुशवाह के नेतृत्व में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमला परमार और योग प्रशिक्षकों दीपक गुर्जर, भूपेन्द्र योगी, चांदनी वरयानी, शक्ति तोषनीवाल, सरला कुशवाह, पूजा खत्री, प्रांशु सिंह गहलोत, शिखर पंचौली, अश्विनी शर्मा कूक्की, रविन्द्र गुर्जर और रामलक्ष्मण मीणा सहित 25 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

## राशिफल गुरूवार 12 जून, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**


आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, मूल नक्षत्र रात्रि 9:57 तक, शुभ योग दिन 2:05 तक, कौलव करण दिन 2:28 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–धनु, मंगल–सिंह, बुध–मिथुन, गुरू–मिथुन, शुक्र–मेष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज ज्वालामुखी योग दिन 2:28 तक है। आज गुरू हरगोविन्द जयन्ती है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:19 तक, चर 10:44 से 12:26 तक, लाभ अमृत 12:26 से 3:51 तक, शुभ 5:34 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:31, सूर्यास्त 7:16


### मेष

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृष

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा।


### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।


### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### कन्या

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।


### वृश्चिक

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।


### धनु

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक में सुधार होगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 320 प्रभात बीकानेर, गुरुवार 12 जून, 2025 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

## राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### श्रद्धांजलि सभा में 11 राष्ट्रीय स्तर के नेता, 8 सांसद, 47 विधायक तथा 83 पूर्व विधायक एवं मंत्रियों के पहुंचने का दावा किया जा रहा है

- माना जा रहा है कि सचिन पायलट ने श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन कर अपने विरोधियों को अपनी राजनैतिक ताकत का अहसास कराया।
- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, हम दूर कब थे, मोहब्बत हमेशा वही बनी रहती है। हम कभी दूर नहीं थे। हम सब एक हैं।



*पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि पर दौसा में राजेश पायलट के स्मारक, जीरोता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस श्रद्धांजलि सभा में सचिन पायलट के साथ राष्ट्रीय स्तर के 11 नेता, 8 सांसद, 47 विधायक तथा 83 पूर्व विधायक एवं मंत्री सहित भारी तादाद में कांग्रेसी उमड़े।*

दौसा, 11 जून। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को राजेश पायलट के स्मारक, जीरोता पर राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि "प्रेरणा दिवस" पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

राजेश पायलट स्मारक, जीरोता में आयोजित श्रद्धांजलि एवं सर्वधर्मसभा के आयोजन से पूर्व सभी नेताओं ने राजेश पायलट स्मारक, भंडाना पर भी पहुंचकर राजेश पायलट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया के सामने बोलते हुये पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि 25 साल पहले आज के दिन पायलट साहब हमसे जुदा हो गए थे। एक दुखद रोड दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। हमसे उनका बिछड़ जाना बड़ा ही दुखदाई है। मेरे साथ-साथ बहुत सारे लोग हैं, जिनको उनकी कमी आज भी खलती है।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में वैदिक मंत्रों के साथ-साथ, कुरान, बाइबिल और गुरबानी का पाठ भी हुआ और महात्मा गांधी के प्रिय भजन "रघुपति राजा राघव राम" की प्रस्तुति भी हुई। इससे पहले, सर्वधर्म प्रार्थना सभा के लिए लगाए गए विशाल डोम में राजेश पायलट की जीवनी पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें उनके भारतीय वायु सेवा में रहते और उसके बाद राजनीति में उनके कामकाज को दिखाया गया। उसके पश्चात 2 मिनट का मौन धारण करके भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इससे पहले राजेश पायलट के सड़क दुर्घटना स्थल पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सोनम सहित सभी 5 आरोपी 8 दिन की रिमांड पर

इंदौर/शिलांग, 11 जून। राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मेघालय के शिलांग कोर्ट ने पत्नी सोनम समेत पांच आरोपियों को 8 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। बुधवार को मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी समेत चार अन्य आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद उन्हें शिलांग की कोर्ट में पेश किया था। मेघालय पुलिस के द्वारा राजा रघुवंशी की हत्या का

- सोनम पर उसके पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप है। मेघालय पुलिस ने आज उसे शिलांग कोर्ट में पेश किया था।

सीन भी रीक्रिएट किया जाएगा। मंगलवार की रात को मेघालय पुलिस ने गाजीपुर की कोर्ट से सोनम रघुवंशी की ट्रांज़िट रिमांड हासिल की थी। इसके साथ ही, मेघालय पुलिस ने उस जगह की तस्वीर भी जारी कर दी है, जहां पर राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपियों की 10 दिन की रिमांड कोर्ट से मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड मंजूर की।

शिलांग कोर्ट से आठ दिन की रिमांड मिलने के बाद मेघालय पुलिस सभी को वापस सदर थाना लेकर आई है। यहीं पर सोनम रघुवंशी और चार अन्य आरोपियों से आगे की पूछताछ की जाएगी।

## सचिन भूलने को तैयार हैंः पर हाईकमान गहलोत के मामले में दरियादिली दिखाने के लिए तैयार नहीं है

### तो क्या भारी गर्मी में लगातार पसीने पोंछते हुए, सचिन के आमंत्रण का मान रखते हुए गहलोत का भंडाना जाना व्यर्थ ही साबित होगा?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 जून। सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच एक दूसरे को नीचे गिराने का जो खेल चल रहा है, उसने एक रोचक मोड़ ले लिया है।

सचिन पायलट अपने पिता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के लिए अशोक गहलोत को आमंत्रित करने उनके घर गए। पायलट के पिता की पुण्यतिथि पर दौसा में आज एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सचिन पायलट ने बड़ा दिल दिखाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को घर जाकर आमंत्रित किया, जबकि इन्हीं गहलोत ने पायलट को निकम्मा, नाकारा कहा था। पायलट व उनके सहयोगियों पर देशद्रोह का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। यही नहीं, पायलट कहीं मुख्यमंत्री न बन जाएं, इसके लिए गहलोत ने सोनिया गांधी तक के खिलाफ बगावत कर दी थी और भी न जाने क्या-क्या किया था।

- तत्कालीन मु.मंत्री अशोक गहलोत ने, युवा सचिन पायलट को सार्वजनिक रूप से नालायक, निकम्मा व नकारा कहा था। पर, सचिन ने इस अपमान व तिरस्कार को पचाकर, गहलोत को राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के लिए घर जाकर आमंत्रित किया।
- पर, सोनिया गांधी व राहुल इस बार शायद माफ करने को तैयार नहीं, क्योंकि गहलोत ने अपने समर्थकों के साथ सोनिया गांधी के खिलाफ बगावत की थी तथा कांग्रेसाध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा भेजे दो प्रभारियों, खड़गे और माकन, को कांग्रेस विधायकों से नहीं मिलने देने की साज़िश रची थी।

गहलोत दिल्ली में कोई भी पद पाने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सोनिया तथा राहुल उन्हें माफ करने को तैयार नहीं है और सूत्रों का कहना है कि उन्हें कहीं भी कोई भी भूमिका मिलने की संभावना नहीं है।

मजे की बात यह रही कि आज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सचिन के निमंत्रण पर कांग्रेस के लगभग सभी नेता उमड़े

*दौसा, 11 जून। किसान नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. श्री राजेश पायलट जी की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 11 जून, 2025 को भण्डाना, जिला दौसा में आयोजित "सर्वधर्म प्रार्थना सभा" में निम्नलिखित प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंः-*

**वरिष्ठ नेता**

- सुखजिन्दर सिंह रंधावा, सांसद, एआईसीसी प्रभारी-राजस्थान
- ऋत्विक मकवाना, एआईसीसी सह प्रभारी-राजस्थान
- चिरंजीराव, एआईसीसी सह प्रभारी-राजस्थान
- धीरज गुर्जर, सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
- सुश्री दिव्या मदेरणा, सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
- दानिश अबरार, सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
- देवेन्द्र यादव, विधायक, छत्तीसगढ़ एवं सचिव, एआईसीसी
- उदयभानु चीब, राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा कांग्रेस
- अलका लाम्बा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला कांग्रेस
- वरूण चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एन.एस.यू.आई.
- विजय जांगिड़, संयुक्त सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

**सांसद**

- मुरारीलाल मीणा
- बृजेन्द्र सिंह ओला
- हरीश मीणा
- कुलदीप इन्दौरा
- भजनलाल जाटव
- श्रीमती संजना जाटव
- श्री उम्मेदाराम बेनीवाल
- श्री राहुल कसवां

**विधायक**

- अशोक गहलोत
- सचिन पायलट
- गोविन्दसिंह डोटासरा
- टीकाराम जूली
- हरीश चौधरी
- सुरेश मोदी
- वीरेन्द्र सिंह
- रामकेश मीणा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एसी के तापमान पर सरकार ने लगाम लगाई

नई दिल्ली, 11 जून। देश के कई इलाकों में भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच सरकार ने एयर कंडीशनर के टेम्प्रेचर को रेगुलेट करने का ऐलान कर दिया है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को जानकारी दी कि भारत सरकार जल्द ही

- एसी का तापमान अब 20 से 28 डिग्री सैल्सियस के बीच सीमित रखने की योजना है।

एसी के तापमान को मानकीकृत करने का प्रयोग शुरू करेगी। इस योजना के तहत, एयर कंडीशनर को 20 डिग्री सेल्सियस से कम ठंडा नहीं किया जा सकेगा। खट्टर के मुताबिक, एसी के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच सीमित करने की योजना है। इससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'जुलाई में एक लाख करोड़ रूपए के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग करें'

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने इन्वैस्टमैंट समिट में विभिन्न विभागों के एमओयू की समीक्षा की

जयपुर, 11 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की प्रदेश के विकास को समर्पित निवेश और उद्योग संबंधी नीतियों के परिणामस्वरुप राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू निरंतर धरातल पर मूर्त रूप ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सवा तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग से प्रदेश के विकास को नई गति मिली है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से आगामी माह में एक लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए विभिन्न विभागों के

- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जो भी घोषित पॉलिसी अभी लम्बित हैं, उन्हें 31 जुलाई तक अंतिम रूप दें। साथ ही जारी हो चुकी पॉलिसी के शेष नोटिफिकेशन 30 जून तक जारी करें।

( शेष पृष्ठ 5 पर )



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए विभिन्न विभागों के एमओयू की समीक्षा बैठक ली।*

## बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरी ट्रेन मुहैया कराई

नयी दिल्ली, 11 जून। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मसले पर सख्त एक्शन लिया व चार अफसरों को निलम्बित किया।

कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिये गये हैं। सूत्रों के अनुसार, निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिंग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

## लॉस एंजलिस के बाद न्यूयॉर्क, टैक्सस, शिकागो और ऑस्टिन में भी आक्रामक प्रशासन विरोधी प्रदर्शन फैले

### इमीग्रेशन व कस्टम विभाग की ज्यादतियों व दादागिरी के खिलाफ जनता संगठित हुई

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 जून। एंटी इमिग्रेशन प्रदर्शन अमेरिका भर में फैल रहे हैं। लॉस एंजिल्स के बाद अब न्यूयॉर्क, टैक्सस और ऑस्टिन में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। शिकागो में कुछ अधिक आक्रामक प्रदर्शन देखने को मिले हैं।

ये प्रदर्शन इमिग्रेशन और संबंधित विभागों की कथित मनमानी के खिलाफ हो रहे हैं और इन्हें "आईसीई आंदोलन" कहा जा रहा है।

प्रमुख शहरों से अमेरिकी सरकार के इमिग्रेशन और कस्टम्स विभाग के खिलाफ गंभीर विरोध की खबरें आ रही हैं। विरोध प्रदर्शनों का मुख्य कारण प्रशासन द्वारा लोगों को जबरन हिरासत में लेने की कार्रवाई है, जिससे पारिवारिक ढांचे पर बुरा असर पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार की एंटी-इमिग्रेशन एजेंसियों ने चुन-चुन कर लंबे समय से अमेरिका में रह रहे परिवारों के सदस्यों को उठाया है। कई माता-पिता को उनके बच्चों और परिवार से जबरन अलग किया जा रहा है।

- संगठित होने का एक बड़ा कारण था, यह चर्चा फैलना कि कई वर्षों से अमेरिका में रह रहे विदेशियों के परिवार टूट रहे हैं, इन विभागों की सख्ती व काम करने के बेरहम तरीकों से।
- कुछ लोगों में, विशेषकर स्पैनिश अमेरिकियों में तथा मैक्सिकन मूल के लोगों में इस भावना ने जोर पकड़ा कि उन्हें विशेषकर टारगैट किया जा रहा है।
- लॉस एंजलिस में मैक्सिकन मूल के बाशिंदों की इस "टारगैटिंग" के विरूद्ध लोग सड़कों पर निकले मैक्सिको का झण्डा लेकर, पुलिस व नैशनल गार्ड ने झण्डे लेकर निकले लोगों पर डण्डे बरसाये व हिरासत में डाला। सिविल राइट्स के समर्थकों ने इस बात पर भारी हल्ला-हंगामा किया कि अमेरिकी नागरिकों को किसी भी देश का झण्डा फहराने की पूर्ण स्वतंत्रता है तथा झण्डा फहराना कोई अपराध नहीं है।
- न्यूयॉर्क के पुलिस अफसरों का भी मानना है, स्थानीय विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए सेना को बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण व गलत है। इसे स्थानीय पुलिस ही आसानी से संभाल सकती है।

कैलिफोर्निया में स्पेनिश-अमेरिकन समुदाय का आरोप है कि उन्हें टारगैट किया जा रहा है।

बच्चों को उनके घरों से जबरदस्ती उठाया जा रहा है। विभिन्न समुदायों में भय है कि उन्हें निशाना बनाया जा सकता है। कुछ छात्र तो स्कूल और ग्रेजुएशन समारोहों में भी नहीं जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं पुलिस उन्हें पकड़ न ले।

लॉस एंजिल्स, जो अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, वहां मैक्सिकन परिवारों को खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सड़कों पर मैक्सिकन झंडा लहराकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो उनके मूल देश को दर्शाता है। अधिकारियों का कहना है कि जो लोग मैक्सिकन झंडों के साथ बदसलूकी कर रहे हैं, वे मैक्सिकन नागरिक हैं।

हालांकि अमेरिकी अधिकार समूहों का कहना है कि अमेरिकी नागरिकों को कोई भी झंड़ा दिखाने का अधिकार है, और मैक्सिकन झंडा लहराना कोई अपराध नहीं है।

इसी बीच, अमेरिका के कई प्रमुख वर्गों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आधार प्रमाणित यूज़र ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

नई दिल्ली, 11 जून। रेल मंत्रालय ने बताया है कि एक जुलाई 2025 के बाद से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही तत्काल योजना के तहत टिकट बुक कर सकेंगे। 10 जून, 2025 के एक परिपत्र में मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम

- रेल मंत्रालय ने सभी ज़ोनल कार्यालयों को यह आदेश एक जुलाई 2025 से लागू करने को कहा है।

उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा, "01-07-2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट /इसके ऐप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे।" इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त

### केवलादेव से 22 चीतल मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व भेजे

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान के टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए प्रचुर प्राकृतिक शिकार उपलब्ध कराने की मंशा से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (घना) से चीतलों की स्थानांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस कड़ी में बुधवार को 22 चीतल मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व भेजे गए यह कार्य अफ्रीकी बोमा तकनीक की मदद से पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित ढ ंग से किया गया। घना निदेशक मानस सिंह ने बताया कि मंगलवार रात बोमा तकनीक के जरिए 22 चीतल पकड़े गए थे. इन्हें बुधवार सुबह मुकुंदरा भेजा गया. आने वाले दिनों में दो बड़े टाइगर रिजर्व मुकुंदरा हिल्स और रामगढ़ विषधारी में 250-250 चीतल और भेजे जाएंगे। अब तक केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से 543 चीतल स्थानांतरित किए जा चुके हैं। इनमें 400 मुकुंदरा और 143 चीतल रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में छोड़े गए। घना निदेशक मानस सिंह ने बताया कि टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ ती संख्या के साथ उनके लिए पर्याप्त प्राकृतिक शिकार (प्रे बेस) की आवश्यकता महसूस की जा रही है। चीतल, बाघों का प्रमुख शिकार होते हैं। चीतलों की मौजूदगी से बाघों का शिकार व्यवहार स्वाभाविक बना रहेगा। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना कम होगी। इसके अलावा यह जैव विविधता को संतुलित रखने और पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने में भी सहायक होगा। निदेशक मानस सिंह ने बताया कि चीतल अत्यंत सतर्क व संवेदनशील वन्यजीव हैं। इन्हें पारंपरिक तरीकों से पकड़ना मुश्किल होता है, इसलिए अफ्रीकी देशों में इस्तेमाल बोमा तकनीक को अपनाया गया। इसमें जंगल में झाड़ियों व पेड़ों के बीच लकड़ी, जाल व प्राकृतिक अवरोध से बाड़े बनाए जाते हैं. चीतलों के लिए इन बाड़ों में चारा डाला जाता है. अंतिम घेरे में लगे दरवाजे से पिंजरे वाले ट्रक में चीतल स्वाभाविक रूप से पहुंच जाते हैं।

### आरक्षण के लिए हुई जाट महापंचायत

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर डीग और धौलपुर जिले के जाट समाज को केंद्र की ओबीसी में आरक्षण की मांगों को लेकर डीग जिले की कुम्हेर तहसील में स्थित पेंगोर की चामड़ माता मंदिर पर बुधवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में भरतपुर डीग और धौलपुर जिले के जाट समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। महापंचायत में कमेटी ने निर्णय लिया है कि 29 जून को आगरा - जयपुर नेशनल हाईवे स्थित डहरा मोड़ गांव में हुंकार रैली का आयोजन किया जाएगा. उससे पहले जाट समाज के गांव में नुक्कड़ सभा एवं एक मटकी में एक गेंहू का दाना और एक रुपया प्रत्येक घर से एकत्रित किया जाएगा। हुंकार रैली से पहले आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाट समाज के गांव गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जायेगा और साथ ही एक मटकी में प्रत्येक घर से एक गेहूं का दाना और एक रुपया लिया जाएगा। पहली नुक्कड़ सभा 12 जून से रूपवास में आयोजित की जाएगी.25 से 29 जून के बीच डहरा मोड के आस पास के गांव में संपर्क किया जाएगा। जाट समाज द्वारा आयोजित महापंचायत समाप्त होने के बाद आरक्षण संघर्ष समिति द्वारा डीग एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम चार मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया कि जाट समाज द्वारा चार मांगो को लेकर महापंचायत हो रही है। पहली मांग भरतपुर ,डीग और धौलपुर के हाट समाज के युवाओं को केंद्र की सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग में आरक्षण ,दूसरी मांग 2015 से 2017 तक विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के आदेशों के बाद नियुक्ति,तीसरी मांग महाराजा सूरजमल कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए साथ ही पूर्व आरक्षण आंदोलन के दौरान लगे मुकदमों को वापस लिया जाए। 29 जून 2025 को आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित नदबई उपखंड के गांव डहरा मोड पर हुंकार रैली का आयोजन किया जायेगा।

# सूने मकान में 15 लाख की चोरी

## शातिर चोर को दबोचा, कई शहरों में वारदात को अंजाम दिया

**अजमेर** (कासं)। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने खादिम टूरिस्ट बंगला के पीछे मर्शी विला में 31 मई से 1 जून के बीच हुई करीब 15 लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में एक शातिर चोर को दबोच लिया है।

- **आरोपी से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि शातिर आरोपी ने अलग-अलग शहरों में कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया है**

आरोपी से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि शातिर आरोपी ने अलग-अलग शहरों में कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

सिविल लाइन थाना प्रभारी शंभू सिंह शेखावत मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 77 वर्षीय आशा जॉनसन ने 3 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि 27 मई को वे अपनी बेटी के पास दिल्ली गई थीं। 1 जून को पड़ोस में रहने वाली एक रिश्तेदार महिला ने सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है। चोर सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, दो कारों की आरसी सहित अन्य कीमती सामान ले गया था।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद वारदात के तरीके के आधार पर पुराने अपराधियों की लिस्ट तैयार कर पूछताछ की। साथ ही अजमेर शहर में लगे 3 सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इस दौरान 1 जून की रात 2 बजे अजमेर क्लब चौराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति कैमरे में कैद हुआ।

पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी की पहचान बबलू उर्फ बबली उर्फ राजेंद्र के रूप में की और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विभिन्न शहरों में पहचान बदलकर किराये के मकानों में रहकर पहले रेकी करता, फिर वारदात को अंजाम देकर शहर छोड़ देता था।

फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य वारदातों में भी उसकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### खाटूश्याम से किडनैप 3 साल का रक्षम मथुरा में मिला

**सीकर** (निसं)। जिले के खाटूश्यामजी में दर्शन के लिए आए परिवार के अगवा हुए बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने 5 दिन में करीब 700 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद खाटूश्यामजी पुलिस थाना, नीमकाथाना पुलिस व सीकर डीएसटी की संयुक्त टीम ने यूपी से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया 700 सीसीटीवी फुटेज खंगाले ।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि 7 जून को मध्य प्रदेश के भोपाल जिले की रहने वाली ललित जाटव पत्नी अजय जाटव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 3 साल के बेटे रक्षम का अपहरण हो गया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और सीकर जिले सहित उत्तर प्रदेश के कई स्थानों के करीब 700 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक किए।जांच में पता चला कि आरोपी मासूम बालक को उत्तर प्रदेश के वृंदावान के आसपास के इलाके में लेकर आया है।

# 2 महीने में प्रारंभ हो जाएगा एलिवेटेड रोड का कार्य : शेखावत

**जोधपुर,** (कासं) । स्थानीय सांसद और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्पष्ट रूप से कहा कि जोधपुर एलिवेटेड रोड का कार्य अगले दो महीने में प्रारंभ हो जाएगा। वो बुधवार को एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

- **केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने एलिवेटेड रोड को लेकर जानकारी दी**
- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत अभिनंदन किया**

एलिवेटेड रोड से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि जोधपुर में जिस तरह से ट्रैफिक का दबाव है। पिछले लंबे समय से हम इसके लिए प्रयास कर रहे थे। कई तरह के तकनीकी अध्ययनों के बाद कुछ छोटी-मोटी दिक्कतों को पार किया गया। मैं धन्यवाद करना चाहता हूं, देश के प्रधानमंत्री और नितिन गडकरी का, उन्होंने जिस तरह का वादा हमने किया था, उसके अनुरूप जोधपुर को यह सौगात दी है।

शेखावत ने कहा कि मुझे लगता है कि सभी तरह की तैयारी हो चुकी है। टेंडर डॉक्यूमेंट पब्लिश हो गया है। टेंडर भी हो जाएगा और अगले दो महीने के अंदर काम प्रारंभ हो जाएगा। नई तकनीकी के साथ में इस रोड को बनाने का निर्णय नितिन गडकरी ने किया है, जिसमें दो पिलर्स के बीच में स्पैन सामान्यत जितना होता है, उससे दोगुना होगा। उसमें पिलर्स की संख्या कम होगी। उन्होंने कहा कि मैं ये मानता हूं कि एलिवेटेड रोड के पूरे होने के बाद में जोधपुर की ट्रैफिक की समस्या से एक लंबे समय के लिए हमें निजात मिलेगी। निश्चित रूप से ये 7.6 किमी एलिवेटेड रोड जोधपुर की लाइफ लाइन बनेगी। केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने को लेकर पूछे सवाल पर शेखावत ने कहा कि जिस आजादी को हमने लाखों कुर्बानियों के बाद में अर्जित किया था। जिस तरह की सरकारें अधिकांश समय दिल्ली में रहीं। सत्ता में रहीं। उनके चलते हुए, जिस तरह की परिस्थितियां वर्ष 2014 से पहले बन गई थीं। भ्रष्टाचार के कारण, आतंकवाद के प्रहारों के कारण, बढ़ते हुए नक्सलवाद के कारण, पॉलिसी पैरालिसिस के कारण, भाई-भतीजावाद के कारण, सामान्य मानवी का इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास डगमगाने लगा था। 11 साल के इस कालखंड में बड़े, कड़े, ऐतिहासिक और देशहित में फैसले लेकर मोदी सरकार वो विश्वास देश के आमजन में वापस सजित करने में कामयाब हुई है।

शेखावत ने कहा कि आज भारत की तरफ देखने की न केवल विश्व की दृष्टि बदली है, अपितु भारत का सामर्थ्य ऑपरेशन सिंदूर के बाद में पूरे विश्व के सामने एक नए सिरे से गढ़ा गया है। मैं यह मानता हूं कि आज देश के 140 करोड़ लोगों की ताकत से नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित हो सकता है, इस संकल्प को सिद्ध करने के लिए देश आगे बढ़ रहा है।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत आज दोपहर दिल्ली से जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे जोधपुर शहर भारतीय जनता पार्टी की मेजबानी में जोधपुर इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन सभागार में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की 11 वर्ष में किए विकास कार्यों और उपलब्धियों पर संवाद किया। जोधपुर में मल्टीलेवल एलिवेटेड कोरिडोर की सौगात मिलने से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री शेखावत का विशाल माला पहना कर स्वागत अभिनंदन किया।

बाद में राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा के साथ पत्रकार वार्ता में नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह साल की उपलब्धियों पर चर्चा की। पत्रकार वार्ता में शहर विधायक अतुल भंसाली, जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, देहात दक्षिण अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी सहित अनेक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जैसलमेर में गाड़ी व कार टक्कर में दूल्हे सहित 3 लोगों की मौत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के बासनपीर गांव के पास मंगलवार रात गाड़ी ने कार को टक्कर मारी इस भीषण सड़क हादसे में दूल्हे सहित 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 4 गंभीर घायलो में दुल्हन शामिल है सूचना पर पुलिस द्वारा सभी को 108 की मदद से जवाहिर अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया।



जैसलमेर में गाड़ी व कार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गये।

हादसे की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच के साथ टक्कर मारकर फरार होने वाली गाड़ी की तलाश शुरू की।

शादी करके दूल्हा-दुल्हन सहित सभी लोग कार में लौट रहे थे, उस दौरान अज्ञात गाड़ी की टक्कर से हादसा हुआ।

सदर थाना पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल जसवंतसिंह ने बताया कि पोकरण से कार से लौट रहे लोगों को मंगलवार रात करीब 12 बजे के बाद बासनपीर गांव के पास अज्ञात गाड़ी ने भीषण टक्कर मारी और फरार हो गया। मृतकों में दूल्हा लीलाराम (45) पुत्र गुमानाराम ओड, दूल्हे की बहन मूली देवी (35) पत्नी बाबूराम ओड, हितेश (9 महीना) पुत्र अशोक कुमार ओड निवासी पोकरण शामिल है। वहीं हादसे में अशोक, हेमलता पत्नी अशोक, दुल्हन बसंती (40) व पुखराज गंभीर घायल हो गए। चारों घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। मृतक लीलाराम व मूली देवी भाई-बहन है, वहीं मृतक 9 महीने का हितेश गंभीर घायल अशोक-हेमलता का बेटा है। अशोक व हेमलता दुल्हन बसंती के भाई-भाभी है और मृतक हितेश दुल्हन का भतीजा था। वहीं घायल पुखराज भी दुल्हन बसंती का रिश्तेदार बताया जा रहा है, जिसकी कार में सभी जैसलमेर आ रहे थे। जानकारी के अनुसार मृतक लीलाराम और घायल बसंती की मंगलवार को पोकरण में शादी हुई थी। दोनों की ये दूसरी शादी थी। रात को दुल्हन बसंती के रिश्तेदार पुखराज की कार में 7 लोग जैसलमेर के लिए रवाना हुए।

### तुफान गाड़ी व जीप की टक्कर में 4 की मौत, तेरह घायल

**आहोर,** (निसं)। आहोर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर चरली गांव के पास मंगलवार की देर रात तुफान कार व जीप में हुई आमने-सामने भीषण टक्कर में चार लोगों की अकाल मौत हो गई। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आहोर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थानाधिकारी करणसिंह ने बताया कि सड़क पर अचानक आए एक सांड को बचाने के चक्कर में दोनों वाहन सांड सहित आपस में टकरा गए जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला ने उपचार के दौरान दम तौड दिया। जानकारी के मुताबिक सिरोही जिले के कोलीवाडा से कुछ लोग तुफान गाडी में सवार होकर रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। चरली के पास एक सांड को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही जीप से जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में जीप में सवार आहोर के मोरू निवासी पूर्ण सिंह व भूती निवासी फोटोग्राफर जगदीश वैष्णव एवं तुफान में सवार सिरोही के कोलीवाडा निवासी रखमादेवी मेघवाल की मौके पर ही मौत हो गई।

# श्रीमाधोपुर में दो दोस्तों का एक साथ अंतिम संस्कार

## दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे पर शादी समारोह से लौट रहे थे

**श्रीमाधोपुर।** दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 6:10 बजे जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के भटकाबास गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दूल्हे समेत 8 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए । हादसे में जान गंवाने वालों में श्रीमाधोपुर के हांसपुर निवासी सुभाष मीणा (28) और जीतेंद्र उर्फ जीतू कुमावत (33) शामिल हैं। मृतक सुभाष के बड़े भाई शंकरलाल (35) और नरेश (33) भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना उस समय हुई जब शहडोल (मध्यप्रदेश) से लौट रही एक जीप में बारात के लोग सवार थे। यह जीप झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी के गुढ़ा गोडजी जा रही थी, जहां दूल्हा विक्रम मीणा (25) की शादी थी। हादसे के बाद सभी घायलों को निम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद दोपहर को सुभाष और जीतू के शव हांसपुर लाए गए, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। एक ही मोहल्ले से एक साथ निकलीं दो अर्थियों को देख गांव में सन्नाटा छा गया और बाजार पूरी तरह बंद हो गए।



भटकाबास गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत हो गई ।

- **जयपुर के पास में जीप-ट्रक की टक्कर में 5 लोगों की मौत**

**साले की शादी में शामिल होने गए थे तीनों भाई :** मृतक सुभाष मीणा अपने दो बड़े भाई शंकरलाल और नरेश के साथ अपने साले विक्रम मीणा की शादी में शामिल होने शहडोल गया था। सुभाष का ससुराल भी गुढ़ा गोड़जी में ही है। सुभाष के साथ उसका पड़ोसी और करीबी दोस्त जीतू कुमावत भी शादी में गया था। शादी के बाद लौटते समय यह हादसा हो गया।

**मजदूरी कर जीवन चलाते थे दोनों मित्र :** सुभाष और जीतू दोनों ही मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार की शीशराम ने बताया कि सुभाष जयपुर की एक कैंटीन में कार्य करता था, जबकि जीतू मकान निर्माण में मिस्त्री का काम करता था। जीतू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके माता-पिता और एक छोटा भाई पहले ही स्वर्गवासी हो चुके हैं। पीछे 14 वर्षीय साहिल और 13 वर्षीय समीर नाम के दो बेटे छोड़ गया है।वहीं सुभाष के भी दो बेटे हैं- 14 वर्षीय विराट और 12 वर्षीय सूरज है।

### हादसे में दो चचेरे भाई की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित जाजीवाल कला गांव में हनुमान मंदिर के सामने बाइक सवार दो चचेरे भाईयों को कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों भाईयों की मौत हो गई।


**College of Veterinary and Animal Science**
Navania, Vallabhnagar-313601, Udaipur (Rajasthan)
(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences)

**WALK-IN-INTERVIEW**

Eligible candidates are invited for Walk-in Interview for contractual engagement as Teaching Associates purely on temporary basis for a limited period at CVAS, Navania, Vallabhnagar, Udaipur. For interview schedule and other details, please visit University website **www.rajuvas.org.**

Raj.Samwad/C/25/4024 — DEAN, CVAS, Navania, Udaipur

**कार्यालय नगर पालिका निवाई, टोंक**

क्रमांक :— न.पा.नि / 2025—26 / 3208 — दिनांक : 09.06.2025

**-: बिड सूचना :-**

नगर पालिका निवाई क्षेत्र में नगर पालिका निवाई द्वारा 1 कार्य की बिड दिनांक 09.06.2025 समय 17.00 से दिनांक 19.06.2025 समय 18.00 तक आमंत्रित की जाती है। जिसमे इच्छुक संवेदक द्वारा वर्णित जेम – बिड में भाग ले सकते हैं । उपरोक्त जेम बोली की जानकारी एवं शर्तें विभागीय वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर तथा www.gem.gov.in एवं कार्यालय समय में प्राप्त / देखी की जा सकती है।
NIB-DLB2526A2246
UBN-DLB2526GSGB07281

राज.संवाद / सी / 25 / 4068 — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई

**कार्यालय नगर पालिका राजगढ (चूरू)**

क्रमांक :— 1489—1491 — दिनांक :—04.06.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for NGO/FIRM/CON. are invited from interested bidders upto 05:00 PM (time) 07.06.2025 (date). Other particulars of the bid may be procurement portal (upto visited on http://sppp.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement in Rs 12.94 LAC

| NIB Code | UBN Code |
|---|---|
| DLB2526A2205 | DLB2526GSOB07172 |
| | DLB2526GSOB07173 |
| | DLB2526GSOB07174 |
| | DLB2526GSOB07175 |

राज.संवाद / सी / 25 / 4003 — Executive Officer

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक : ननिको / दक्षिण / जनस्वास्थ्य स्टोर / 2025 / 841—855 — दिनांक : 10.06.2025

**ई—निविदा सूचना 2025—26**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी / अन्य सरकारी / अर्द्ध सरकारी विभागों के "A" व "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर / दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको / संवेदको से ई—निविदा पद्धति द्वारा नगर निगम कोटा दक्षिण के जनस्वास्थ्य अनुभाग में सफाई कार्य हेतु आवश्यक विभिन्न सामग्री आपूर्ति का कार्य हेतु कुल राशि 25.00 लाख रूपये की ऑनलाईन निविदा दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 26.06.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेंगे।
NIB Code No.DLB2526A2282 — UBN No.DLB2526GLOB07376

राज.संवाद / सी / 25 / 4051 — उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण

**नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com — Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु / स्टोर शाखा / 2025 / 2146 — दिनांक :— 06.06.2025

**-: ई—निविदा सूचना—2025—26 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निविदा दिनांक 25.06.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2526GLOB07382), (DLB2526GLOB07384), (DLB2526GLOB07386) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 4037 — आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**
महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 864 - 881 — दिनांक :- 06/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण टर्मिनल मार्केट मुहाना में इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु विभिन्न शेष उपकरण एवं प्रयोगशाला सामग्री क्रय की जानी है तथा स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर को 5 वर्ष के लिये संचालन हेतु इच्छुक संस्था / व्यक्ति को Operation and Management (O&M) आधार पर दिया जाना है। उक्त कार्यो हेतु कार्यालय द्वारा ऑनलाईन निविदा संख्या 02 / 2025—26, एवं 03 / 2025—26 आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व शर्तें sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in, https://agriculture.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है व eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 09.06.2025 से दिनांक 01.07.2025 सांय 6:00 बजे तक निविदा दरे प्रस्तुत कर भाग लिया जा सकता है।
UBN No.- DAM2526GLOB00226, DAM2526SSOB00271

राज.संवाद/सी/25/4027 — सचिव

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANGROL**

File No. 235 — **Notice Inviting Bid** — Date: 23.05.2025

Bid for "BA-17.00/214.01/2025-26 Per Constituency Rs. 10.00/15.00 Cr. Non Patchable/Missing Link Road Work" NIT No. 04/2025-26 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 20.06.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 733.20 lacs.

| क्र.सं. | UBN No. | क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB02398 | 2 | PWD2526WSOB02399 |
| 3 | PWD2526WSOB02400 | 4 | PWD2526WSOB02401 |
| 5 | PWD2526WSOB02402 | 6 | PWD2526WSOB02406 |
| 7 | PWD2526WSOB02410 | 8 | PWD2526WSOB02411 |
| 9 | PWD2526WSOB02412 | 10 | PWD2526WSOB02414 |
| 11 | PWD2526WSOB02416 | 12 | PWD2526WSOB02419 |

DIPR/C/7005/2025 — (Kamal Ram Meena) Executive Engineer, PWD Division Mangrol

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि., खण्ड—बूंदी**

क्रमांक :- 346 — दिनांक : 24.05.2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**
**NIB code PWD2526A0796**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खंड बूंदी के अधीन विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयर/सीडी वर्क/रिनिवल कार्य/इंटरलोकिंग कार्य/फ्लड गेज कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केंद्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकात है। निविदा अपलोड करने की तारीख 05.06.2025 से 14.06.2025 को सायं 6.00 बजे तक।

UBN is : PWD2526WSOB02501 — UBN is : PWD2526WSOB02502
UBN is : PWD2526WSOB02504 — UBN is : PWD2526WSOB02505
UBN is : PWD2526WSOB02506 — UBN is : PWD2526WSOB02513
UBN is : PWD2526WSOB02517 — UBN is : PWD2526WSOB02519
UBN is : PWD2526WSOB02520

DIPR/C/7031/2025 — ( शेखर चन्द मीना ) अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि., खंड बूंदी

**OFFICE OF CEO**
**ZILA PARISHAD (RD CELL) JHALAWAR**
E-Mail pd-jha-rj@nic.in
Ph. 07432-230434, 232011

No. 244-53 — Dated : 23.05.2025

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

Zila Parishad (RD Cell) Jhalawar Invites Expression of Interest (EOI) from the eligible CSDCI enlisted agencies/organizations/institutions for conducting onsite Rural Mason training level 4 of 1000 Rural Masons(RMT/RPL) for the construction of houses under PRADHAN MANTRI AWAAS YOJNA-GRAMIN(PMAY-G) In district Jhalawar, CSDCI enlisted agencies/organizations/institutions fulfilling the eligibility criteria can access and download the complete EOI document from the website: www.sppp.rajasthan.gov.in or eproc.rajasthan.gov.in. For any query may contact PMAYG section of Zila Parishad Jhalawar during office hours. This invitation if being made through limited bidding method from eligible agencies. The listed eligible agencies are being intimated at their available address/email and the CSDCI is being informed the Intimate their affiliated agencies for this purpose. It is two part bidding online.THE MAJOR EVENTS UNDER SUBMISSION OF THE EOI PROCESS ARE:SR.No.KEY EVENTS1Name of work2FOI Bid Value3Publishing Date4567Bid Submission Start DateIMPORTANT DATESSelection of Training Providers for Rural Mason training level-4 under PMAYGRs. 138.60 Lacs28-05-2025Documents Download/Sale Start Date28-05-2025Bid Submission Closing Date & TimeTechnical Bid Opening Date & Time8 Award of contractNIS No. ZJL2526A0080UBN No ZJL 2526 SLOB002722/0/7044/202528-05-202523-06-2025 at 01:00 PM23-06-2025 at 04:00 PMTo be intimated accordinglyChief Executive OfficerZila Parishad Jhalawar.

**THE MAJOR EVENTS UNDER SUBMISSION OF THE EOI PROCESS ARE:**

| SR.NO. | KEY EVENTS | INPORTANT DATED |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Selection of Training Providers for Rural Mason |
| 2. | FOI Bid Value | Rs. 138.60 Lacs |
| 3. | Publishing Date | 28.05.2025 |
| 4. | Documents Download/Sale Start Date | 28.05.2026 |
| 5. | Bid Submission Start Date | 28.05.2025 |
| 6. | Bid Submission Closing Date & Time | 23.06.2025 at 01.00 PM |
| 7. | Technical Bid Opening Date & Time | 23.06.2026 at 04.00 PM |
| 8. | Award of contract | To be intimated accordingly |

NIB No.: ZJL2526A0080, UBN No.: ZJL2526SLOB00272
DIPR/C/7044/2025 — Chief Executive Officer, Zila Parisnad Jhalawar

# मोदी सरकार के 11 वर्ष कार्यकाल की प्रदर्शनी का राज्यवर्धन राठौड़ ने किया उद्घाटन

**■ प्रदर्शनी अगले 4 दिन भाजपा कार्यालय में लगेगी और आमजन इसका अवलोकन कर नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल को देखेगी और समझेगी 11 साल में किस तरह भारत ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है।**

**बीकानेर,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर आज भाजपा कार्यालय में राजस्थान सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया और 11 वर्ष कार्यकाल की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया ये प्रदर्शनी अगले 4 दिन भाजपा कार्यालय में लगेगी और आमजन इसका अवलोकन कर नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल को देखेगी और समझेगी 11 साल में किस तरह भारत ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल ऐतिहासिक प्रगति के है उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखा रहा है हमारी सीमाएं सुरक्षित है भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति बन चुका है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सब का साथ ,सबका विकास, सबका प्रयास ,सबका विश्वास मंत्र ने देश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक सांझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकवादी कैंप और 11 एयरबेस तबाह कर दुनिया में भारत की ताकत का डंका बजाया और दुनिया को भारत की ताकत से अवगत करवाया है। राठौड़ ने कहा भारत के आम जनमानस के हित व ग़रीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से गरीबों और वंचितों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने, उन्हें उचित अधिकार व सुनहरे अवसर प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रही है मोदी जी के सम्यक् नेतृत्व में भारत सर्वसमाज के कल्याण से विकसित भारत के संकल्प सिद्धि की ओर बढ़ रहा है मोदी जी इसी सोच और विजन के साथ गरीबों के मसीहा बन गए हैं वो गरीबों के कल्याण को सर्वोपरि मानकर फैसले लेते हैं और अपनी सरकार की नीतियां निर्धारित करते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि हकीकत में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। मोदी सरकार की गरीबों के कल्याण की कई योजनाओं से करोड़ों गरीबों का जीवन आसान बन रहा है। पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों ने वास्तविकता के धरातल पर गरीबी हटाने का काम किया है प्रधानमंत्री की अंत्योदय की नीति का को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में विकास की बयार चली है जिससे भारत की विकसित भारत बनने की राह प्रशस्त हुई है आज से प्रधानमंत्री के देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प से देश के 140 करोड़ नागरिकों को जोड़ने की शुरुआत है। आज की प्रदर्शनी उद्घाटन में विधायक सिद्धि कुमारी, ताराचंद सारस्वत, अंशुमान सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गैदर, संयोजक महावीर रांका, बिहारी लाल विश्नोई, विजय आचार्य, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम सुंदर चौधरी,जितेंद्र राजवी, जिला मंत्री मनीष सोनी, संगीलाल गहलोत, इंद्रा व्यास, कैलाश विश्नोई, देवीलाल मेघवाल, भारती अरोड़ा, अनु सुथार, मोर्चा अध्यक्ष चंद्र मोहन जोशी, कोजूराम शर्मा, पवन स्वामी, श्याम सिंह हांडला, अजय खत्री, मुकेश ओझा, महेंद्र ढाका के साथ पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राधेश्याम सेवग का सम्मान

**बीकानेर** । कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया, शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट, भाई बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज बीकानेर के तीन युवाओं का नव उत्तरदायित्व मिलने पर कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यालय में सम्मान किया गयाराजस्थान ब्राह्मण महासभा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, रेलवे सलाहकार समिति में नव नियुक्त सदस्य नरसिंह सेवग, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम सेवग को राज्य सरकार द्वारा पीपी नियुक्त करने पर शाकद्वीपीय समाज में खुशी का माहौल बना है तीन युवाओं को सक्रियता के आधार पर नई जिम्मेदारी मिलने पर उनका सम्मान कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई

कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की निदेशक कामिनी विमल भोजक मैया ने इस अवसर पर कहा कि कुशल नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण व्यक्ति जब सार्वजनिक जीवन में नए आयाम स्थापित करता है तो समाज को उस से मजबूरी मिलती है बड़ा हर्ष का विषय है कि तीनों व्यक्ति सभी वर्गों को साथ लेकर समाज को भी प्रगतिशील करेंगे आज उनका सम्मान समाज का सम्मान है शाकद्वीपीय बंधु ट्रस्ट अध्यक्ष आर के शर्मा ने कहा कि हर्ष का विषय है कि शाकद्वीपीय समाज की सहभागिता सार्वजनिक क्षेत्रों में बढ़ रही है समाज के युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

## राज्यवर्धन राठौड़ ने किया उद्घाटन

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर आज भाजपा कार्यालय में राजस्थान सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया और 11 वर्ष कार्यकाल की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया ये प्रदर्शनी अगले 4 दिन भाजपा कार्यालय में लगेगी और आमजन इसका अवलोकन कर नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल को देखेगी और समझेगी 11 साल में किस तरह भारत ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल ऐतिहासिक प्रगति के है उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखा रहा है हमारी सीमाएं सुरक्षित है भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति बन चुका है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सब का साथ ,सबका विकास, सबका प्रयास ,सबका विश्वास मंत्र ने देश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है।

## सार-समाचार

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त होगा सदर बाजार, पदमपुर रोड को स्वच्छ बनाया जाएगा

**श्रीगंगानगर,** आगामी कुछ दिनों में शहर का सदर बाजार सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बाजार के रूप में पहचाना जाएगा। इसी तरह पदमपुर मार्ग को आदर्श स्वच्छ रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नगरपरिषद ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम एवं शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में नगरपरिषद आयुक्त ने शहर के व्यापारियों के साथ मंगलवार को परिषद सभागार में बैठक रखी। इसमें बताया गया कि शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करवाना है एवं शहर को स्वच्छता की श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने हैं। यह काम व्यापार मंडल, फल-सब्जी मंडी, दुकानदार और आमजन के सहयोग से हो सकेगा। यह हुआ तयः बैठक में विचार-विमर्श के बाद निणर्य लिया गया कि पदमपुर मार्ग की सड़क पर सर्वाधिक गंदगी रहती है, इस रोड को आदर्श मार्ग बनाया जाए, जिससे शहर के जनसामान्य के बीच स्वच्छता को लेकर अच्छा संदेश जाएगा। इसके तहत इस रोड की पूर्ण रूप से सफाई करवाई जाएगी, इसी क्रम में धीरे-धीरे अन्य रोड का सर्वे कर कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह सर्वप्रथम सदर बाजार को शहर का सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बाजार बनाया जाएगा। व्यापार मंडल ने यह निणर्य किया कि रविवार तक हम सभी व्यापारियों से चर्चा कर इसकी पूर्ण तैयारी कर लेंगे तथा इस सदर बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का व्यापारियों एवं जनसहयोग से अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सदर बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक का क्रय-विक्रय और उपयोग ना किए जाने के लिए शपथ दिलवाई जाएगी। इसके उपरांत व्यापारियों ने कपड़े से बने थैलों का वितरण किया।

### सम्मान समारोह 15 को

**बीकानेर,** । पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) का वार्षिक सम्मान समारोह 15 जून को सायं 5.30 बजे से जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित किया जाएगा। प्रसार के प्रदेश अध्यक्ष तथा जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक डॉ. हरि शंकर आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में दौरान जनसंपर्क विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. अमर सिंह राठौड़ को स्वर्गीय पं. घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड अर्पित किया जाएगा। वहीं विभाग के पूर्व सहायक निदेशक राजेंद्र शर्मा को स्वर्गीय किसन कुमार व्यास 'आजाद' स्मृति जनसंपर्क रत्न अवार्ड तथा श्रीगंगानगर के युव जनसंपर्क अधिकारी अनिल शाक्य को पहले स्व. दिनेश चंद्र सक्सेना स्मृति युवा जनसंपर्क कमी अवार्ड अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह समारोह जनसंपर्क विभाग की पूर्व उपनिदेशक स्व. श्रीमती पुष्पा गोस्वामी को समर्पित रहेगा। श्रीमती गोस्वामी का गत दिनों निधन हो गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की जनसंपर्क अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### दुकान का आवंटन निरस्त

**बीकानेर,** । जिले की रिक्त व नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए ग्राम पंचायत बम्बलू, ग्राम बम्बलू की रिक्त उचित मूल्य दुकान को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। पूर्व में जारी आदेशों की शेष शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### कार्यशाला 14 को

**बीकानेर,** । जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के तहत जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला का आयोजन 14 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती मंजू नैण गोदारा ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न औद्योगिक संघों से संबंधित इकाइ्यां शामिल होंगी।

### हरित योग कार्यक्रम 12 जून को

**बीकानेर,** अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 सिग्नेचर इवेंट के तहत हरित योग कार्यक्रम का आयोजन 12 जून को सुबह 6.30 बजे से धरणीधर मंदिर परिसर में किया जाएगा। आयोजन प्रभारी योग प्रशिक्षक भुवनेश पुरोहित ने बताया कि केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय तथा योग संगठन प्रवीर योगासना स्पोर्ट्स अकादमी एवं संस्कृति विकास फाउंडेशन और ध्यान केन्द्र एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, क्रीड़ा भारती, प्रवीर योगासन, एकलव्य तीरंदाजी संस्थान के खिलाड़ियों सहित लगभग अन्य लोगों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अभ्यास के बाद पौधरोपण किया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके बाद अतिथियों का संबोधन होगा।

### सेवा सामग्री लेकर दल रवाना

**बीकानेर,** सूरतगढ़ की अमरनाथ यात्रा लंगर सेवा समिति की शाखा बीकानेर की ओर से अमरनाथ यात्रियों के लिए शहर से पहली बार सेवा सामग्री का ट्रक रवाना किया गया है। नोखा रोड स्थित रांका भवन के सामने शाखा कार्यालय से विधि-विधान से श्री मुरली मनोहर धोरा धाम आश्रम के संत श्यामसुंदर महाराज एवं संतोषानन्द महाराज ने पूजा अर्चना के बाद ट्रक को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। समिति के दुलीचन्द गहलोत ने बताया कि भण्डारा सामग्री में काजू, बादाम, केशर, चीनी, दालें, रसगुल्ले टीन, तेल, देशी घी, भुजिया सहित मसाले और अन्य खाद्य सामग्री भक्तों द्वारा भेंट की गई है, जिसे ट्रक में भरकर मुख्य शाखा सूरतगढ़ भेजा गया है। यहां से अन्य ट्रकों के साथ यह सामग्री अमरनाथ के लिए रवाना की जाएगी। भंडारा सामग्री रवाना होने से पूर्व संस्था के सूरतगढ़ से शाखा संरक्षक ओम सोनी, अमर सिंधी, राजू सोनी और अन्य सदस्य शामिल हुए।

### समस्त कार्यालयों पर पंजीयन करवाना

**बीकानेर** । आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के निर्देशानुसार राज्य के समस्त विभागों, बोर्डों, निगमों, स्वायत्तशाषी, सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं एवं निजी उद्यमों को संस्था आधार पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक रोहिताश्व सूनिया ने बताया कि जिले के समस्त विभागीय कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा अपना पंजीयन संस्था आधार पोर्टल पर करवाने के लिए निदेशालय स्तर से निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कार्यालयों का संस्था आधार पोर्टल पर पंजीयन की स्थिति अपेक्षानुसार नहीं की पाई गई है।

# वर्तमान भौतिक युग में कबीर की प्रासंगिकता है : कमल रंगा

**बीकानेर,** प्रज्ञालय संस्थान एवं राजस्थानी युवा लेखक संघ द्वारा नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में आज प्रातः महान् कवि एवं समाज सुधारक कबीर की जयंती के अवसर पर एक परिसंवाद का आयोजन रखा गया। परिसंवाद का विषय 'कबीर और उनके विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता' रहा।

परिसंवाद के मुख्य वक्ता राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि वर्तमान समाज में कबीर के विचारों की प्रासंगिकता है, विशेषकर उनके सामाजिक न्याय, समता और मानवता के प्रति दृष्टिकोण की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। वैसे कबीर के काव्य में सामाजिक, धार्मिक एवं साम्प्रदायिक विसंगतियों एवं समस्याओं को समझा जा सकता है। ऐसे में हम यह कह सकते हैं कि वर्तमान भौतिक युग में कबीर के विचारों की प्रासंगिकता महत्वपूर्ण है।कबीर का काव्य महत्वपूर्ण रही। साथ ही वे गंभीर दार्शनिक थे।

परिसंवाद में भाग लेते हुए वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी ने कहा कि कबीर ने सूफी आंदोलन में भी योगदान दिया। साथ ही मानवता, प्रेम और समानता का मार्ग समाज को दिखाते रहे। परिसंवाद में अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने कहा कि कबीर का दर्शन न केवल मानवीय और दैवीय प्रकृति का है, बल्कि सामाजिक और नैतिक प्रकृति का भी है। इसी क्रम में शिक्षाविद् भवानी सिंह ने उनके दर्शन पक्ष को रेखांकित करते हुए सद्भाव, समानता और भक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कही।

करुणा वीर एवं शिक्षाविद् हरिनारायण आचार्य ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कबीर पन्द्रहवीं सदी के रहस्यवादी कवि और महान् संत थे। जिनके दोहे आज भी जन-जन में लोकप्रिय हैं। इसी क्रम में युवा संस्कृतिकर्मी आशीष रंगा ने कहा कि कबीर संत तो थे ही साथ ही उन्होने मध्यकालीक भारत में भक्ति आदोंलन का नेतृत्व किया। यह उनका महत्वपूर्ण योगदान था।इस महत्वपूर्ण परिसंवाद में कवि पुनीत कुमार रंगा ने उनके कई दोहों का वाचन करते हुए यह साफ तौर पर कहा कि इनमें आज के वर्तमान की झलक साफ दिखाई देती है। यह आज भी प्रासंगिक है। परिसंवाद का संयोजन युवा कवि गिरिराज पारीक ने करते हुए कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। अंत में सभी का आभार अशोक शर्मा ने ज्ञापित किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हुए जागरूकता के विभिनन्‍ कार्यक्रम

**बीकानेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में चल रहे 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के दिन जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा भू संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। इसके मद्देनजर विभिन्न गतिविधियों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन किया गया। जिला परिषद के अति मुख्य अभियंता (जलग्रहण) भूप सिंह ने बताया कि जिले की समस्त पंचायतों समितियों में विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के तहत पूर्ण कार्यों का अवलोकन दल बनाकर करवाया गया। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के कार्यों का स्वीकृत करने एवं स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करवाने की कार्य योजना तय की गई।

## जिम्नास्टिक्स समर कैंप का शुभारंभ

**बीकानेर,** जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन और रिस्टार्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन जिम्नास्टिक्स समर कैंप की शुरुआत हुई। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को जिम्नास्टिक्स की बुनियादी ट्रेनिंग देकर उन्हें मोबाइल और टीवी से दूर रखते हुए फिटनेस, अनुशासन और आत्मविश्वास की ओर प्रेरित करना है। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर न केवल बच्चों को जिम्नास्टिक्स की तकनीकी जानकारी देगा, बल्कि उनकी छुट्टियों को रचनात्मक और उपयोगी बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास है।

शिविर में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों को फ्लोर, वॉल्टिंग हॉर्स, बैलेंस बीम और बेसिक बॉडी कंट्रोल तकनीक की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को अनुशासन, संतुलन, लचीलापन और आत्मविश्वास से भरपूर जीवनशैली की प्रेरणा भी दी जा रही है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं योग प्रशिक्षक विनोद जोशी ने बच्चों को कहा, आज के समय में बच्चों को मोबाइल से निकालकर खेलों की ओर लाना अत्यंत जरूरी हो गया है।

जिम्नास्टिक्स जैसे खेल बच्चों में मानसिक और शारीरिक दोनों स्तरों पर अनुशासन और फिटनेस का विकास करते हैं। समारोह में उपस्थित जिम्नास्टिक्स प्रशिक्षकों और वरिष्ठ खिलाड.ियों ने शानदार फ्लोर एवं वॉल्टिंग हॉर्स की प्रस्तुतियों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

इन प्रदर्शनों ने बच्चों और अभिभावकों को खेल के प्रति और अधिक प्रेरित किया। जिम्नास्टिक्स कोच संतोष नायक, धीरज कुमार और वरिष्ठ खिलाड़ी अशोक ने प्रशिक्षण की कमान संभाली। वे बच्चों को बॉडी बैलेंस, रोलिंग, जंपिंग और सेफ लैंडिंग जैसी बुनियादी तकनीकों का अभ्यास करवा रहे हैं।

# प्रशासन की उदासीनता और मांगों को लेकर धरना जारी

**बीकानेर** । राजस्थान रोडवेज एम्पलाइज यूनियन (एटक) और एसोसिएशन की बीकानेर शाखा द्वारा प्रशासन की उदासीनता और मांगों की अनदेखी के खिलाफ शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहा। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक प्रबंधन उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं करता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन कर रहे कर्मचारी लगातार ड्यूटी समय, कार्यालयीन प्रताड़ना, गुटबाजी, निरस्तीकरण राशि, लंबित भुगतान और ऑडिट जैसी प्रमुख समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी मांगों को पहले भी उठाया गया था। इसके बावजूद प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे नाराज कर्मचारियों ने 21 मई को अंतिम चेतावनी स्वरूप ज्ञापन सौंपा, लेकिन हालात जस के तस बने रहे। मौत की निष्पक्ष जांच की मांग धरने को संबोधित करते हुए यूनियन नेता किशन सिंह चौहान ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि परिचालक गजे सिंह यादव की मृत्यु की निष्पक्ष जांच नहीं कराना प्रशासन की संवेदनहीनता दर्शाता है।

चौहान ने दो टूक कहा, जब तक दोषियों पर कार्रवाई और मृतक की जांच पूरी नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाई, जो निगम की नीतियों और अव्यवस्थाओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। धरने में संभाग अध्यक्ष श्याम दीन भुट्टो, एसोसिएशन अध्यक्ष हनुमंत मेहरा, शाखा अध्यक्ष रोशन अली, डूंगरदान, धर्मपाल प्रथम, रामेश्वर खदाव, मोहन राम, गुलाब सिंह, याकूब खान, श्रवण सिंह, लालचंद सिहाग, हनुमानराम पूनिया, जिला महासचिव एटक मुश्ताक अली, सुभाष बिश्नोई, रामनिवास खिलेरी, देवीलाल नाई और शार्दुल चारण सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सैकड़ो साधक करेंगे योग

**बीकानेर,** । अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर हरित योग का आयोजन धरणीधर महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को होगा। केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय एवं संस्कृति विकास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम में आम जन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करेंगे। आयोजन समन्वयक योग प्रशिक्षक भुवनेश पुरोहित ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस पर तथा उससे पूर्व आयोजित होने जा रहे 10 प्रमुख थीम कार्यक्रमों में हरित योग हेतु सीमांत राज्य बीकानेर को भी शामिल किया गया है। कॉमन योग प्रोटोकॉल के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी द्वारा दी गई थीम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण का क्रम भी संपन्न होगा। स्थानीय स्तर पर प्रवीर योगासन स्पोर्ट्स अकादमी आयुर्वेद विभाग बीकानेर , इंडियन योग एसोसिएशन राजस्थान, क्रीड़ा भारती के सहयोग से उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।

## शिक्षक रत्न सम्मान समारोह 17 को

**■ बैठक में छुआ जिन्होंने सफलता का आसमान शिक्षक संघ ने किया सम्मान**

बीकानेर । शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में छुआ जिन्होंने सफलता का आसमान शिक्षक संघ रेसटा कर रहा उनका सम्मान कार्यक्रम के तहत जिले भर में कक्षा 10 व 12 वीं बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक एवं विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाईडेंस व विद्यार्थी गौरव व शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन 17 जून मंगलवार को सुबह 9 बजे रविन्द्र रंगमंच,सिविल लाइन रोड,बीकानेर में शुरू होगा।शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई ने बताया कि शिक्षक व विद्यार्थियों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून से बढ़ाकर 13 जून करने का निणर्य लिया गया।इसलिए इच्छुक एवं पात्र शिक्षक एवं विधार्थी गूगल लिंक के माध्यम से समय पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है,क्योंकि 13 जून के बाद अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी इसलिए इच्छुक एवं पात्र शिक्षक एवं विधार्थी गूगल लिंक के माध्यम से समय पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया की अधिकारियों एवं शिक्षकों से संपर्क करके समारोह में आने के आमंत्रण पत्र दिए जा रहे है। जिला स्तरीय बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला संरक्षक एसएस शर्मा, विधि सहलाकार हनुमान प्रसाद शर्मा,पवन कुमार, डुगर दान , ब्लॉक अध्यक्ष भंवर लाल आचार्य आदि उपस्थित रहें।

## प्रतिबंधित टैबलेट के साथ युवक धरा

हनुमानगढ़, । टाउन थाना पुलिस ने एक कामयाबी हासिल की। पुलिस ने राधा स्वामी डेरा के पास से प्रतिबंधित टैपेंटाडोल टैबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।

टाउन थाना प्रभारी सुभाष कच्छावा के अनुसार, एएसआई सत्यनारायण के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। टीम ने एक मोटरसाइकिल (आरजे 31 एसटी 7234) को रोका। बाइक पर सवार युवक की पहचान रूपनगर, टाउन निवासी मोहम्मद जुनैद (19) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 350 प्रतिबंधित टैपेंटाडोल टैबलेट बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी बाइक जब्त कर ली। मामले की जांच एएसआई राजवीर सिंह कर रहे हैं। कार्रवाई में एएसआई सत्यनारायण, हैड कॉन्स्टेबल कुलदीप, कॉन्स्टेबल पवन कुमार, महेन्द्र कुमार और रमेश कुमार शामिल थे।

## डाकघर से पुलिया तक हटाए अतिक्रमण

**बीकानेर,** नगर निगम ने मुख्य डाकघर से नगर निगम भंडार के बीच आने वाली करीब 70 दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाया। दुकानों के आगे सामान हटाने से लेकर चौकियां भी तोड़ीं। दरअसल न्यायालय में एक व्यक्ति पहुंचा था और अतिक्रमण हटाने के लिए आग्रह किया था। न्यायालय ने इसका निणर्य दिया और नगर निगम को पांबद किया कि अतिक्रमण हटाए। उसी के तहत निगम ने पूरा लवाजमा तैयार किया और अतिक्रमण हटाया। पहले ही सूचना दी जा चुकी थी तो लोग भी अलर्ट थे। वैसे भी ये वो इतना संकरा रास्ता है कि कब्जों के कारण लोगों को निकलने का रास्ता नही मिलता। दुकानदारों के सामान, होर्डिंग सब सड़क पर रहते हैं। ऐसे में राहगीरों को दिक्कत होती है। ऊपर से थड़ी, गाड़े वाले रोड पर खड़े हो जाते हैं। कुछ सड़क के नीचे से निकल रहे नालों पर जाल दिक्कत करते हैं। निगम ने जेसीबी से समान हटाते हुए चौकियां भी तोड़ी। निगम के सीआई प्रदीप चारण ने बताया कि न्यायालय के आदेश की पालना की गई है।

# भगवान जगन्नाथ का औषधीय जल से होगा अभिषेक

**■ इसके बाद 14 दिनों तक नए रूप में देंगे दर्शन**

**बीकानेर ।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के मौके पर भगवान जगन्नाथ का 10 औषधियों के जल से अभिषेक हुआ। अभिषेक के बाद भगवान जगन्नाथ नए रूप में दर्शन देंगे। सुबह 8 बजे बाल भोग लगने के बाद भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए और उन्हें अभिमंत्रित 365 घड़ों से स्नान करवाया गया। जल स्नान के दो घंटे से भी अधिक समय के इस आयोजन के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाएंगे। इस दौरान वे एकांत वास में चले जाएंगे और अपने मूल रूप का किसी को दर्शन नहीं देंगे। अगले 14 दिनों तक उनके गणेश रूप के दर्शन ही श्रद्धालु कर सकेंगे।

ये सारी परंपराएं पुरानी जेल रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुई। इस आयोजन में भगवान को बाल भोग लगाने के बाद कथा वाचक विजय व्यास जगन्नाथ महात्म्य की कथा करेंगे। इसके बाद भगवान का गणेशजी के रूप में विशेष श्रृंगार होगा। पुजारी देवकिशन पांडे के अनुसार परंपरा है कि ज्येष्ठाभिषेक के दौरान भारी गर्मी में एकांतवास के दौरान उनके लिए औषधीय नैवेद्य चढ़ाए जाते हैं। इनमें सौंठ-अजवाइन, केसर जैसी गर्म तासीर वाली चीजें से बने व्यंजन होते हैं। इस मौके पर नेशनल पॉवर लिफ्टर सिद्धिकुमारी पांडे के द्वारा छप्पन भोग लगाया जाएगा। 14 दिन विश्राम करने के बाद ठाकुरजी 25 जून को अपने पुराने रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। भगवान जगदीश अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 27 जून को रथयात्रा पर निकलेंगे।

वैष्णव मंदिरों में होगी स्नान यात्रा ज्येष्ठ पूर्णिमा के मौके पर वैष्णव मंदिरों में स्नान यात्रा होगी। शहर में गोपालजी-गिरिराजी मंदिर, श्याम सुंदर जी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, दाऊजी मंदिर, रसिक शिरोमणि रतन बिहारी मंदिर, बिट्ठल नाथ जी मंदिर, गोवर्धन नाथ जी, मूंधड़ा बगेची मदन मोहन लाल मंदिर आदि वैष्णव मंदिरों में जलधारा उत्सव मनाया जा रहा है। मदनमोहनलाल मंदिर के राधेश्याम मुखिया के अनुसार बुधवार को जल स्नान यात्रा का आयोजन होगा। इसमें ठाकुरजी को ठंडे जल से स्नान करवाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ की 27 जून को रथ यात्रा निकलेगी।

रथ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई दाऊ के साथ अपने मौसी के यहां रहने जाएंगे। इसके अलावा भगवान जगन्नाथ अपने ससुराल भी जाएंगे। जेल रोड के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होने वाली यह यात्रा कोटगेट, केईएम रोड, डागा बिल्डिंग होते हुए रसिक शिरोमणि मंदिर पहुंचेगी। यहां पर 9 दिन रहने के बाद भगवान जगन्नाथ अपने भाई और बहन वापसी अपने घर लौट आते है। इस दौरान रसिक शिरोमणि मंदिर में नौ दिनों तक आयोजन होंगे।

## जिले में सिरेमिक हब तैयार हो, नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित किए जाएं

**बीकानेर,** । उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार, युवा मामले और खेल, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जिले में बीकानेर में सिरेमिक हब पूरी तरह से तैयार हो, कच्चा माल यहीं पर उपलब्ध है। साथ ही कहा कि गैस कंपनियां गैस कनेक्शन पाइप से सीधे इंडस्ट्रीयल एरिया तक पहुंचाए। कुछ नए इंडस्ट्रीयल एरिया अगर बन सकते हैं तो उनको लेकर सर्वे करे, नए औद्योगिक क्षेत्र बनाएं।

राठौड़ बुधवार सुबह सर्किट हाउस में उद्योग समेत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होने कहा कि रीको के पास फंड की कोई कमी नहीं है। यहां से प्रस्ताव बनाकर भेंजे, फंड उपलब्ध करवाया दिया जाएगा। इंडस्ट्री का पैसा इंडस्ट्री में लगे। उन्होने कहा कि बीकानेर में इंडस्ट्री, पर्यटन, आमजन का जन जीवन सुधारने आदि को लेकर जो कार्य कई सालों से नहीं हुआ वो अब होगा। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने करणी इंडस्ट्री इलाके में गंदे पानी की समस्या को लेकर सीईटीपी निर्माण को लेकर पूरा एसेसमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्कील डवलपमेंट को लेकर शहर की वूलन, कारपेट, सोलर इंड्स्ट्री समेत विभिन्न इंडस्ट्री के साथ एमओयू करें।

उद्योग मंत्री राठौड़ ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। कहीं सड़क खोदी जा रही है तो वहां सीवरेज के अन्य विभागों के कार्य भी साथ साथ हों ताकि आगामी 10 साल तक उस सड़क को फिर से ना खोदना पड़े। उद्योग मंत्री ने बारिश से पहले टूडी हुई सड़कों को ठीक करने, पानी भरने वाले स्थानों पर मलबा डलवाने के निर्देश दिए। हैरिटेज वॉक को लेकर उन्होने फेजवाइज प्लान बनाने और स्थानीय जनता को भी साथ लेकर कार्य करने को कहा।

बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिला मुख्यालय पर सड़कों की खराब स्थिति, करणी इडस्ट्री एरिया में पूगल रोड़ पर असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लेन आदि समस्याएं मंत्री के समक्ष रखी।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4067 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.6.2025
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा बोरड़ पत्नी श्री दलीप बोरड़ निवासी म.न. 110 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 13/14 किला नं. 1 ता 3, 8 ता 13 व 18 ता 23 में माप 40 इंटू 60 फीट भू.सं. 84 वृंदावन विहार, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 1274 दिनांक 16.4.1999 को अध्यक्ष, सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट, श्रीगंगानगर के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती सुधा बोरड़ द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा 22.07.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त नामांतरण हेतु न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सुधा बोरड़ पत्नी श्री दलीप बोरड़ निवासी म.न. 110 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज / फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/248 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार
**सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, अजमेर सम्भाग**
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, अजमेर RPSC के पास, जयपुर रोड, अजमेर-305001
क्रमांकःएफ.()जि.उ.के.अ./MSEFC/AD/2023-24/2453 दिनांक 25.07.2024
Mr. Rajendra C/o Maya Construction Co. Pvt. Ltd.,
28, Shri Dungargarh, Shri Gopal Gaushala, Adasar Bas,
Shri Dungargarh, Distt. Bikaner - 331803 (mayaconst@rediffmail.com)
**अंतिम नोटिस**
केस नं. RJ/32/S/AJR/00278
M/s S.G.G. Cement Product Pvt. Ltd., F/35A-37, Road No. 2, RIICO Ind. Area, Niwai, Distt. Tonk (Raj.) द्वारा आरसीसी पाईप की आपूर्ति हेतु विलंबित भुगतान राशि रु. 3,68,750/- तथा प्रकाशन तिथि तक देय ब्याज राशि GST सहित रु. 405217.00 सहित कुल राशि 7,73,967.00 का भुगतान आप द्वारा आपूर्तिकर्ता ईकाई को नहीं किये जाने के कारण आपूर्तिकर्ता द्वारा MSMED Act-2006 की धारा 18 के अन्तर्गत सुविधा परिषद को रेफरेंस प्रस्तुत करने पर बैठक दिनांक 14.02.2024 में आप (क्रेता संस्था) को व आपूर्तिकर्ता संस्था को नोटिस दिनांक 09.02.2024 रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया जाकर, वाद के सम्बन्ध में सुविधा परिषद के समक्ष उपस्थित होने हेतु लिखा गया/
उक्त वाद से सम्बधित परिषद की समस्त बैठकों में आप (क्रेता पक्ष) अनुपस्थित रहे तथा ना ही आपने परिषद के पत्रों का प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया/ सुविधा परिषद की बैठक दिनांक 28.06.2024 में परिषद द्वारा सर्वसम्मति से क्रेता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र के माध्यम से आपूर्तिकर्ता के व्यय पर क्रेता के लिए सुनवाई के अंतिम अवसर की लोक सूचना प्रकाशित करवाने का निर्णय लिया गया/
अतः जरिये अंतिम नोटिस आपको सूचित किया जाता है की आपूर्तिकर्ता ईकाई को विलंबित बकाया भुगतान न किये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्युत्तर 15 दिवस मे प्रस्तुत करें अन्यथा MSMED Act-2006 की धारा 16 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।
(डी.के. शर्मा)
अध्यक्ष, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, अजमेर संभाग

## संक्षिप्त

### कार की टक्कर से युवती की मौत

**श्रीगंगानगर।** जिले के रायसिंहनगर-गजसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-911 पर चक 71 आरबी के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू कार ने सड़क किनारे पैदल चल रही युवतियों को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गईं, जिनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ख्यालीवाला गांव से ग्रामीणों का एक जत्था रात करीब 1:30 बजे धार्मिक समागम में शामिल होने के लिए 12 पीएस स्थित शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारे जा रहा था। इसी जत्थे में 5 युवतियां भी शामिल थीं। बुधवार तड़के करीब 5:15 बजे जब जत्था चक 71 आरबी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने 5 में से 4 युवतियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवती के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। दो युवतियों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें श्रीगंगानगर रेफर किया गया है, जबकि एक युवती को मामूली चोटें आई हैं और उसका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही गजसिंहपुर थाना प्रभारी सीर कौर और डीएसपी संजीव चौहान मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कार ड्राइवर की पहचान की जा रही है, बताया जा रहा है कि वह 3 एफएफए से बुड्ढा जोहड़ डायलिसिस करवाने जा रहा था। इसी दौरान उसकी कार बेकाबू होकर हादसे का कारण बनी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पंहुचे हेड कॉन्स्टेबल ईश्वर पुनीया ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में गगनदीप कौर (22) पुत्री कुलवंत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, वही राजप्रीत कौर पुत्री नक्षत्र सिंह व सुखवीर कौर पुत्री कर्मजीत सिंह, आकाशदीप कौर पुत्री कुलविंदर सिंह निवासी 6 इऊ ख्यालीवाला का श्रीगंगानगर में इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक युवती के शव को रायसिंहनगर के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो बदमाशों को नाकाबंदी में दबोचा

**श्रीगंगानगर।** जिले में मुकलावा थाना पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 किलो 905 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त सहित बाइक के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों तस्कर काफी लंबे समय से तस्करी में संलिप्त बताए जा रहे हैं। मुकलावा थाना अधिकारी संपत धायल ने बताया कि गस्त के दौरान पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान एक बाइक आती हुई दिखाई दी जिस पर पुलिस को देखकर बाइक चालक ने वापस मोड़ कर बाइक को भगाने का प्रयास किया। जिस पर घेराबंदी कर बाइक को रोका तो बाइक सवार युवकों के कब्जे में एक प्लास्टिक बैग बरामद हुआ। जिस पर बैग को खोलकर देखा तो बैग के अंदर डोडा-पोस्त पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना नाम आकाशदीप (20) पुत्र गुरमीत सिंह निवासी 45 एनपी रायसिंहनगर बताया और दूसरे आरोपी ने अपना नाम वीरेंद्र सिंह (52) पुत्र संधुरा सिंह निवासी अनूपगढ़ बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# डीडवाना : नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## हेरोइन की तस्करी करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

**डीडवाना।** पुलिस द्वारा नशाखोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीडवाना पुलिस ने हेरोइन की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को पकडा है। साथ ही उनके कब्जे से लाखों रुपए की हेरोइन और एक कार भी जब्त की गई है।

डीडवाना जिले के मौलासर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक अल्टो कार में हेरोइन की तस्करी करने वाले दो आरोपियों आदिल और अरबाज को गिरफ्तार किया था। साथ ही उनके कब्जे से 8.45 ग्राम हेरोइन भी बरामद की थी। इस मामले की जांच कर रहे डीडवाना थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो ने दोनों आरोपियों से जब कडाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि शेरानी आबाद निवासी मोहम्मद इलियास हेरोइन का अवैध कारोबार करता है।

इस पर राजेंद्र सिंह ने खूनखूना थानाधिकारी देवीलाल बिश्नोई को तुरंत इलियास के बारे में जानकारी दी, जिस पर खूनखूना पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद इलियास को छोटी खाटू गांव से धर दबोचा। इस दौरान उसके कब्जे से 55.32 ठााम हेरोइन भी जप्त की गई। के मुताबिक बरामद की गई ड्रग्स की कीमत लाखों रुपए में है और पकडे गए तीनों आरोपी अवैध रूप से हेरोइन की तस्करी का काम करते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह तीनों आरोपी किसी गिरोह से जुडे थे। तीनों आरोपी किन लोगों से हेरोइन खरीदते थे और किन लोगों को बेचते थे पुलिस ने इससे पूर्व भी नशे के विरुद्ध बडी कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिसमें करीब 10 लाख रुपए की नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद कर दो तस्करों को पकडा था। यह नशीली दवाएं सरकार द्वारा प्रतिबंधित है और इन दवाओं को पंजाब ले जाया जा रहा था, जहां इन्हें ड्रग्स के विकल्प के रूप में युवाओं को बेचा जाना था।



**डीडवाना** पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान हेरोइन की तस्करी करने के तीन आरोपियों को पकडा।

- **कार्रवाई में तीन तस्कर आदिल, अरबाज व मोहम्मद इलियास गिरफ्तार**
- **आरोपितों से कुल 63.77 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद**
- **बाजार में लाखों रुपए है बरामद हेरोइन की कीमत आरोपितों की अल्टो कार को पुलिस ने किया जब्त**

### 'जल संरक्षण जन अभियान के कार्यों को गति दें'

**बूंदी।** वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, जल शक्ति अभियान एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपखंड अधिकारियों एवं बीडीओ को निर्देश दिए कि वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत हो रहें सभी कार्यों को नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं की जावें। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों को दिए गए कार्यों को पूर्ण करावें।

जन अभियान के तहत प्रगति कम अर्जित हुई है, वहां विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाई जावें। बैठक में जिला कलक्टर ने जल शक्ति अभियान एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी बूंदी एचडी सिंह, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. के अधीक्षण अभियंता के.के. शुक्ला, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

### दुष्कर्मी के 50 बीघा में निर्माण को जेसीबी से ढहाया

**बीकानेर।** यहां 5 लोगों के हत्यारे और दो बच्चियों के दुष्कर्मी ने श्रीडूंगरगढ़ के सुरजनसर गांव में 100 बीघा गोचर भूमि पर कब्जा कर रखा था, प्रशासन ने 50 बीघा में किए निर्माण पर जेसीबी चलाकर ढहा दिया। बाकी की 50 बीघा बंजर भूमि सहित पूरी गोचर जमीन मुक्त करवाकर ग्राम पंचायत को देखरेख के लिए सौंप दी है।

पुलिस ने 8 और 9 साल की दो मौसेरी बहनों से दुष्कर्म करने वाले ढोंगी पुजारी श्रीभगवान सोनी को गिरफ्तार किया था जो वर्ष, 93 में चूरू के बीदासर में पांच लोगों की हत्या और 20 साल की सजा काट चुका है।

मौके पर नापतौल में सामने आया कि ढोंगी पुजारी ने करीब 100 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा था। इसमें से 50 बीघा में निर्माण कर अपना आश्रम चला रहा था और बाकी की 50 बीघा बंजर जमीन खाली छोड़ रखी थी। तहसीलदार कुलदीप मीना, सीओ श्रीडूंगरगढ़ निकेत पारीक, गिरदावर रामनिवास पांड्या, पटवारी सीताराम नाई, सरपंच ओमप्रकाश सारस्वत और ग्रामीणों के मौजूदगी में जेसीबी चलाकर पक्का मकान, मंदिर का ढांचा, ढाबा, झोपड़ियां, तारबंदी, बाड़ को ढहा दिया। जमीन अतिक्रमण मुक्त कराकर ग्राम पंचायत को देखरेख के लिए सौंप दी है। मौके से दो सिलेंडर, फ्रिज, कूलर और एक हैंड मेड कुल्हाड़ी नुमा हथियार जब्त कर लिया गया है। गौरतलब है कि दो बच्चियों से दुष्कर्म के आरोपी ढोंगी पुजारी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस जल्दी ही अनुसंधान पूरा कर चालान पेश करने की तैयारी में है।

ढोंगी पुजारी ने 100 बीघा गोचर भूमि पर कब्जा तो कर ही रखा था, पानी-बिजली भी फ्री ले रहा था। पास में ही जलदाय विभाग का ट्यूबवेल है जहां से ग्रामीणों को पानी सप्लाई किया जाता है।

## कोई भी पात्र खाद्य सुरक्षा से ना रहे वंचित : मंत्री सुमित गोदारा

**बूंदी।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र वंचित को जोड़ने के लिए जिला स्तरीय अभियान चलाएं। इस अभियान में उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों के साथ ठााम स्तर पर ठााम विकास अधिकारियों और पटवारी की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। श्री गोदारा ने यह निर्देश बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बूंदी जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। खाद्य मंत्री ने बूंदी में गिव अप अभियान और नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 35 हजार लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवाया है। विभाग द्वारा अपात्र लोगों को स्वेच्छा से एनएफएसए से अपना नाम हटवाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिणामस्वरूप अपात्र लाभार्थी स्वयं कार्यालय आकर और स्थानीय उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोडने के लिए आवेदन कर रहे हैं।

इसी क्रम में विभाग ने स्वेच्छा से नाम छोडने वाले अपात्र लाभार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की भी सुविधा उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि जिले में 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा का ऑनलाइन पोर्टल दोबारा शुरू होने के बाद बूंदी जिले में 61500 लोगों को एनएफएसए से जोडा जा चुका है। पात्रों को खाद्य सुरक्षा से जोडने का प्रयास लगातार जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने गिव अप अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधियों की आव्हान किया की वे अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ छोडने के लिए प्रेरित करें।

## कैलादेवी अभयारण्य में बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया

**करौली** (निसं.)। करौली जिले के कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य में बाघिन टी-135 ने दो शावकों को जन्म दिया है। सपोटरा वन क्षेत्र के नैनियाकी रेंज में वन विभाग के कैमरा ट्रैप में बाघिन को दोनों शावकों के साथ देखा गया है।

कैलादेवी टाइगर अभयारण्य के उपवन संरक्षक पीयूष शर्मा ने बताया कि बाघिन और शावकों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। गश्ती दलों की संख्या भी बढ़ाई गई है। वन विभाग लगातार इनकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी वर्ष गत फरवरी माह में उपखंड मंडरायल वन क्षेत्र में बाघिन टी-2303 ने भी दो शावकों को जन्म दिया था। कैलादेवी अभयारण्य रणथंभौर टाइगर रिजर्व का द्वितीय क्षेत्र है। यहां बाघों की नियमित आवाजाही होती रहती है। यह चैथा मौका है जब इस अभयारण्य में किसी बाघिन ने शावकों को जन्म दिया है।

इसके अलावा सवाईमाधौपुर रणथंभौर टाइगर रिजर्व से एक महत्वपूर्ण कदम के तहत बाघिन टी-84 एरोहेड के मेल शावक को कैलादेवी बाघ अभयारण्य में स्थानांतरित किया गया है। देर रात को की गई इस शिफ्टिंग में शावक को एक वशेष एंक्लोजर में रखा गया है।

उपवन संरक्षक पीयूष शर्मा ने बताया कि शावक टी-84 के तीन शावकों में से एक है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने पहले ही इन शावकों के स्थानांतरण की मंजूरी दे दी थी।

शेष दो शावकों को भी जल्द ही अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाएगा। कैलादेवी वन जीव अभ्यारण क्षेत्र में शावक की सुरक्षा के लिए एक अस्थायी चैकी बनाई गई है।



**कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य में बाघिन टी-135 ने दो शावकों को जन्म दिया है।**

### 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं उतर रहा तापमान

**बीकानेर।** यहां नौतपा भले ही ज्यादा गर्मी वाला नहीं रहा, लेकिन अब गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। पिछले दो दिन से तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं उतर रहा है। ऐसे में दोपहर में लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे। बाजारों में अब दिन के बजाय शाम को ज्यादा भीड़ रहने लगी है। आने वाले कुछ दिन तक गर्मी का ये ही आलम रहने वाला है। मौसम विभाग ने 19 जून तक के लिए अलर्ट जारी किया हुआ है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम पारा 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले सोमवार को भी पारा करीब 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम विभाग ने पिछले सप्ताह जारी अपने पूर्वानुमान में 12 जून तक बीकानेर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बताया था। ऐसा ही हुआ। अब मौसम विभाग 19 जून तक तापमान 45 डिग्री से अधिक ही रहने की आशंका है।

बीकानेर नगर निगम ने आम लोगों को गर्मी से राहत देने के कुछ उपाय किए है। पिछले दो दिन से बीकानेर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई का मामला एक बार फिर सुर्खियों में

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान के पश्चिमी जिलों में राज्य वृक्ष खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई एक बार फिर सुर्खियों में है। जोधपुर जिले के मथानिया क्षेत्र के जुड़ खारी गांव में 300 बीघा भूमि पर प्रस्तावित सोलर प्लांट के लिए हजारों खेजड़ी और रोहिड़ा वृक्षों की बेरहमी से कटाई की जा रही है। इस बीच, एक वायरल ऑडियो ने पूरे मामले को और तूल दे दिया है, जिसमें ओसियां विधायक भेराराम चौधरी का नाम सामने आया है। इस संबंध में विधायक सियोल ने कहा है कि कुछ विरोधी भ्रम फैला रहे हैं। उनका यहां कोई सोलर प्लांट नहीं है। ऑडियो में खेजड़ी कटाई को लेकर भवाद पटवारी और पर्यावरण प्रेमी रामनिवास विश्नोई के बीच बातचीत सामने आई है। इसमें पटवारी कहते हैं कि इसमें ओसियां के विधायक का इन्वॉल्वमेंट है," जिस पर रामनिवास ने दो टूक जवाब दिया - एमएलए हो या कोई और, हम पेड़ों से लिपटकर जान दे देंगे। 500 साल पुराना इतिहास दोहराएंगे।' इस ऑडियो के वायरल होने के बाद ओसियां विधायक भेराराम चौधरी का नाम पूरे क्षेत्र में चर्चा में है। रामनिवास ने जोधपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मौके पर पटवारी और तहसीलदार भेजकर वृक्षों की मार्किंग कराई जाए और कंपनी को तुरंत कटाई से रोका जाए। ओसियां विधायक भैराराम सियोल का कहना है कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्लांट केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से कंपनियां और किसान स्वयं लगा रहे हैं। कंपोनेंट सी के तहत सरकारी टेंडर प्रक्रिया के द्वारा किसान अपने खेतों में भी सौर ऊर्जा प्लांट लगा रहे हैं। स्व-रोजगार और स्वावलंबन के अवसर मिल रहे हैं और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं, जिसके तहत ओसियां विधानसभा क्षेत्र में भी कंपनी और किसानों के द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनों की ओर से कुछ जगहों पर शिकायत मिली है कि खेजड़ी के वृक्ष काटे जा रहे हैं। जिस पर स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया है। उन्हें मौके पर जाकर रिपोर्ट बनाकर तुरंत पाबंद करने की आवश्यक कार्रवाई के लिए हिदायत दी गई है, लेकिन कुछ विपक्षी जानबूझ कर इस मामले से जोड़ना चाहते हैं, लेकिन मेरे द्वारा क्षेत्र में अभी इस वक्त कहीं सोलर प्लांट नहीं लगाया जा रहा है। क्षेत्र में कई जगहों पर प्लांट लग रहे हैं, इसका मतलब यह थोड़ा ही है कि सब जगह मैं ही लगा रहा हूं, कुछ लोग गलत भ्रम व अफवाह फैला रहे हैं। खेजड़ी हमारा राज्य वृक्ष है, सभी को राज्य वृक्ष संरक्षण का दायित्व है, लेकिन कुछ विपक्षी लोगों के राजनैतिक मसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। किसी के बदनाम करने से कुछ नहीं होना है ओसियां की जनता सब वाकिफ हैं। सांच को कभी आंच नहीं आएगी। जो भी हकीकत होगी, सबके सामने आएगी।

### औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार का महत्वपूर्ण फैसला

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बूंदी जिले की तालेड़ा तहसील के कछालिया ग्राम में स्टोन पार्क की स्थापना के लिए 47.07 हैक्टेयर भूमि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड (रीको) को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रम में राज्य सरकार का यह निर्णय प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगा। स्टोन पार्क की स्थापना से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा खनिज आधारित उद्योगों को एक संगठित मंच उपलब्ध होगा। राज्य सरकार द्वारा यह आवंटन राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 92 के अंतर्गत भूमि सेट-अपार्ट कर तथा राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन) नियम 1959 के नियम 11ए के तहत किया गया है। स्टोन पार्क क्षेत्र में केवल गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी तथा ये इकाइयां आबादी से कम से कम 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थापित होंगी। वन विभाग को भूमि आवंटन की स्वीकृति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में ईआरसीपी परियोजना (राम जल सेतु लिंक परियोजना) के अन्तर्गत वन भूमि के प्रत्यावर्तन के तहत बारां जिले की छबड़ा तहसील में 34.41 हैक्टेयर भूमि वन विभाग को आंवटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रामगढ़ एवं महलपुर बैराज तथा नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत बैराज निर्माण के कार्य से प्रभावित वन भूमि की क्षितपूर्ति के क्रम में वन विभाग को भूमि आंवटन के इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

### विधायक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठे

**सूरतगढ़।** उपखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पानी और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार उपखंड कार्यालय पर धरना दिया। विधायक डूंगरराम गेदर के नेतृत्व में लगाए गए इस धरने में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना स्थल पर विधायक गेदर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बिजली पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर उन्होंने 5 जून को एडीएम दीनानाथ बब्बल को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के बारे में अवगत करवाया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि 7 दिन में तीनों महकमों के अधिकारी उन्हें धरातल पर क्या काम किया है इसके बारे में अवगत करवा दें, अन्यथा वे धरना लगाएंगे। मगर इस अवधि में भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, लिहाजा धरना लगाना पड़ा। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जलदाय विभाग की लापरवाही से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 15-15 दिन तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में रॉ वाटर की सप्लाई से पेट की बीमारियां बढ़ रही है। लोगों को पेयजल के लिए ओवरहेड टैंक पर चढ़ना पड़ रहा है। ऐसी ही बदहाल व्यवस्था बिजली की है, जहां शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रिपिंग और दिन-रात कट लग रहे हैं। कम क्षमता के ट्रांसफार्मर के कारण आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है। विद्युत विभाग का कंट्रोल रूम शिकायतों पर ध्यान नहीं देता। भीषण गर्मी में लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विधायक ने ऐलान करते हुए कहा कि उनकी तीन प्रमुख मांगों पर जब तक प्रशासन ध्यान नहीं देगा और उन्हें धरनास्थल पर आकर अवगत नहीं करवाएगा वे यहीं डटे रहेंगे।

# तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्ती, 51 चालान काटे

## टीम ने 2 हजार 60 रुपये की जुर्माना राशि वसूली

**भीलवाड़ा।** विश्व तंबाकू निषेध पखवाडा (31 मई से 14 जून 2025) के तहत जिलेभर में नशा मुक्ति और जनजागरूकता गतिविधियों का सिलसिला जारी है। आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले घातक दुष्परिणामों से आगाह कर नशा मुक्त जीवन की प्रेरणा देने हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में मंगलवार को जिला स्तर पर बडी कार्यवाही करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव व गठित टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 व 6 (ए) के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान माण्डल चौराहे पर सागर पान, रामकृष्ण मिष्ठान, श्री कृष्ण किराना, जय अम्बे, न्यू जोधपुर मिष्ठान भण्डार, हिन्ज कोल्ड ड्रिंक, गंगापुर चौराहा, माया पान, लैंडमार्क के सामने तथा भोले शकर टी, माण्डल चौराहे से कुल 51 चालान काटे गए और 2 हजार 60 रुपये की जुर्माना राशि वसूली की गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि पखवाडे के दौरान जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों, शैक्षिणक सस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और बाजार क्षेत्रों में तंबाकू निषेध के संदेश प्रसारित किए जा रहे है। स्वास्थ्य टीमो द्वारा लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा है कि तंबाकू और इससे जुडे उत्पादों का सेवन किस प्रकार जानलेवा बीमारियों को न्योता देता है।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ प्रवीण झरवाल ने बताया कि यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है. बल्कि समाज में जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों पर भी सख्ती से चालान की कार्रवाई की जा रही है. ताकि आमजन को एक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके।



तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ सख्ती कर चिकित्सा विभाग ने चालान काटे।

### ड्रग्स तस्करी में पंजाब के दो और आरोपी पकड़े

**अनूपगढ़।** पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर पंजाब के सोनू सिंह और बलजीत सिंह को हिरासत में लिया है।

यह मामला 9 अगस्त 2024 का है। उस दिन बीएसएफ और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 29 और 30 एपीडी की रोही में 3 किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया था। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ के अनुसार, बरामदगी के समय कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया था। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के जरिए आरोपियों की पहचान की। सोनू सिंह उर्फ गौरा फिरोजपुर का रहने वाला है। वह रायसिंहनगर जेल में बंद था। बलजीत सिंह उर्फ मनी लुधियाना का रहने वाला है और करणपुर जेल में था। इससे पहले पुलिस फिरोजपुर के मंगलजीत सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस दोनों नए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में और भी कई तथ्य सामने आ सकते हैं।

## उपमुख्यमंत्री बैरवा ने केंद्र सरकार के 11 साल के कामकाज गिनाए

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन परिसर में जिला स्तरीय प्रोफेशनल समिट (संकल्प से सिद्धि) समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शामिल हुए।

डॉ.बैरवा ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के कामकाज और पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया। उन्होंने कहा- केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान को दिखा दिया है कि यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। पीएम मोदी ने विश्व को स्पष्ट कर दिया है कि आतंक और व्यापार, खून और पानी साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। मोदी के नेतृत्व में रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने संकट के समय विदेश से भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकाला है।

उन्होंने कहा- 2014 में मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली थी तब देश जातिवाद, भ्रष्टाचार, भाईभतीजावाद और नीतिगत लकवे से ठासित था। हर तरफ असंतोष और अनिश्चितता थी लेकिन मोदी के नेतृत्व में देश ने नई ऊर्जा, नया विश्वास और नया युग देखा। सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के के साथ उन्होंने देश को न केवल संभाला बल्कि उसे आगे ले जाने की दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिला। जन-धन योजना में 55 करोड़ खाते खोले गए। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घर स्वीकृत किए। इसमें लाखों गरीबों को अपना घर मिला है। यह केवल आंकडे नहीं बल्कि इसका प्रमाण है कि मोदी सरकार ने अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई है। वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उम्मेद सागर बांध पर अतिक्रमण पर बात करते हुए कहा कि पिछली सरकार के समय राजनीतिक संरक्षण में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हुए। अब सारे अतिक्रमणों को हटाकर उम्मेद सागर मूल स्वरूप में लौटे, यह हमारा संकल्प है। इस पर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे।

# सचिन के निमंत्रण पर कांग्रेस के लगभग सभी नेता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- गणेश घोगरा
- कांतिप्रसाद मीणा
- अमीन कागजी
- मुकेश भाकर
- हाकम अली
- रामनिवास गाविड़या
- मनोज मेघवाल
- अनिल शर्मा
- दीपचन्द खैरिया
- श्रवण कुमार
- घनश्याम मेहर
- लक्ष्मण मीणा
- डॉ. समरजीत सिंह
- रतन देवासी
- रोहित बोहरा
- रूपिन्द्रसिंह कुन्नर
- प्रशांत शर्मा
- अमित चाचाण
- सुश्री रीटा चौधरी
- मनीष यादव
- अभिमन्यु पूनिया
- सुरेश गुर्जर
- ललित यादव
- विनोद गोठवाल
- पूसाराम गोदारा
- शोभारानी कुशवाह
- दीनदयाल बैरवा
- अनिता जाटव
- पितराम काला
- भगवानाराम सैनी
- विद्याधर चौधरी
- संजय जाटव
- इन्दिरा मीणा
- मांगेलाल मीणा
- जाकिर हुसैन गैसावत
- शिखा मील
- सुशीला डूडी
- गीता देवी बरवड़
- चेतन पटेल कोलाना

**पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद**

- डॉ. बी.डी. कल्ला, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस
- हेमाराम चौधरी, पूर्व मंत्री
- परसराम मोरदिया, पूर्व मंत्री
- डॉ. जितेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री
- डॉ. रघु शर्मा, पूर्व मंत्री
- प्रमोद जैन भाया, पूर्व मंत्री
- उदयलाल आंजना, पूर्व मंत्री
- गोविन्दराम मेघवाल, पूर्व मंत्री
- महादेव सिंह खण्डेला, पूर्व केन्द्रीय मंत्री
- लक्ष्मण सिंह रावत, पूर्व मंत्री
- प्रतापसिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री
- रामलाल जाट, पूर्व मंत्री
- बाबूलाल नागर, पूर्व मंत्री
- ममता भूपेश, पूर्व मंत्री
- जाहिदा खान, पूर्व मंत्री
- राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री
- नसीम अख्तर, पूर्व मंत्री
- अशोक बैरवा, पूर्व मंत्री
- सुखराम बिश्नोई, पूर्व मंत्री
- के.सी. बिश्नोई, पूर्व मंत्री
- डॉ. राजकुमार शर्मा, पूर्व मंत्री
- रमा पायलट, पूर्व सांसद
- रघुवीर मीणा, पूर्व सांसद
- ताराचन्द भगौरा, पूर्व सांसद
- बद्रीराम जाखड़, पूर्व सांसद
- खिलाड़ी बैरवा, पूर्व सांसद
- भरतराम मेघवाल, पूर्व सांसद
- प्रहलाद गुंजल, पूर्व विधायक
- महेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक
- हीरालाल बिश्नोई, पूर्व विधायक
- रूपाराम मेघवाल, पूर्व विधायक
- संयम लोढ़ा, पूर्व विधायक
- ओमप्रकाश हुडला, पूर्व विधायक
- राकेश पारीक, पूर्व विधायक
- श्रीमती गायत्री देवी, पूर्व विधायक
- दिलीप चौधरी, पूर्व विधायक
- मंगलाराम गोदारा, पूर्व विधायक
- नवीन पिलानिया, पूर्व विधायक
- कृष्णा पूनिया, पूर्व विधायक
- गोपाराम मेघवाल, पूर्व विधायक
- जी.आर. खटाणा, पूर्व विधायक
- कैलाश मीणा, पूर्व विधायक
- नाथूराम सिनोदिया, पूर्व विधायक
- प्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक
- पी.आर. मीणा, पूर्व विधायक
- रामचन्द्र रावत, पूर्व विधायक
- वेदप्रकाश सोलंकी, पूर्व विधायक
- राजेन्द्र बिधुड़ी, पूर्व विधायक
- इन्द्राज गुर्जर, पूर्व विधायक
- लाखनसिंह मीणा, पूर्व विधायक
- महेन्द्र मीणा, पूर्व विधायक
- रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक
- कमल बैरवा, पूर्व विधायक
- डॉ. सुरेश चौधरी, पूर्व विधायक
- गोपाल मीणा, पूर्व विधायक
- मदन प्रजापत, पूर्व विधायक
- खुशवीर सिंह जोजावर, पूर्व विधायक
- सोना देवी बावरी, पूर्व विधायक
- प्रीति शक्तावत, पूर्व विधायक
- गंगा देवी, पूर्व विधायक
- अमरसिंह जाटव, पूर्व विधायक
- करणसिंह राठौड़, पूर्व विधायक
- चेतन डूडी, पूर्व विधायक
- प्रशांत बैरवा, पूर्व विधायक
- जोगेद्र सिंह अवाना, पूर्व विधायक
- वाजिब अली, पूर्व विधायक
- संदीप यादव, पूर्व विधायक
- कय्यूम खान, पूर्व विधायक
- प्रकाश बैरवा, पूर्व विधायक
- राजेन्द्र भादू, पूर्व विधायक
- अशोक तंवर, पूर्व विधायक
- पदमाराम मेघवाल, पूर्व विधायक
- मलखान बिश्नोई, पूर्व विधायक
- कृष्णमुरारी गंगावत, पूर्व विधायक
- पानाचन्द मेघवाल, पूर्व विधायक
- डॉ.खानू खान बुधवाली, चेयरमेन, राजस्थान राज्य वक्फ बोर्ड
- एम.डी. चौपदार, अध्यक्ष, राजस्थान मदरसा बोर्ड
- राजीव अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष, आर.टी.डी.सी.
- धर्मेन्द्र राठौड़, पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान राज्य बीज निगम
- महेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड
- संगीता बेनीवाल, पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग
- उर्मिला योगी, अध्यक्ष, विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू बोर्ड, राजस्थान
- सतवीर चौधरी, उपाध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्

**अन्य प्रमुखजन**

- सारिका सिंह, अध्यक्ष, प्रदेश महिला कांग्रेस
- विनोद जाखड़, अध्यक्ष, प्रदेश एन.एस.यू.आई.
- यशवीर सूरा, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश युवा कांग्रेस
- सुधीन्द्र मूंड, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश युवा कांग्रेस
- आबिद कागजी, अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग
- हरसहाय यादव, अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग
- राखी गौतम, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश महिला कांग्रेस
- अनिल चौपड़ा, कांग्रेस प्रत्याशी, लो.स. जयपुर ग्रामीण
- मदनगोपाल मेघवाल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, लो.स. बीकानेर
- रफीक मण्डेलिया, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, लो.स. चूरू
- लक्खीराम बैरवा, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, लो.स. करौली-धौलपुर
- द्रोपदी कोली, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. अजमेर दक्षिण
- आर.आर. तिवाड़ी, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. हवामहल
- शिवप्रकाश गुर्जर, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. नसीराबाद
- महेन्द्र राजोरिया, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. रामगंजमण्डी
- निरंजन आर्य, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. सोजत
- नरेन्द्र रैगर, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. शाहपुरा
- के.सी. मीणा, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. उनियारा
- अभिषेक चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. झोटवाड़ा
- डॉ. अर्चना शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. मालवीय नगर
- इमरान खान, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. तिजारा
- संजय यादव, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. बहरोड़
- पारस पंच, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. ब्यावर
- हंगामीलाल मेवाड़ा, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. आसीन्द
- मनीषा गुर्जर, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. खेतड़ी
- घासीलाल चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. मालपुरा
- राजेन्द्र मूंड, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. लूणकरणसर
- महेन्द्र सिंह रलावता, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. अजमेर उत्तर
- पुष्पेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. सांगानेर
- आर्यन जुबेर, कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. रामगढ़
- शोभा सोलंकी, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. सोजत
- अजय बोहरा, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, वि.स. महुवा
- डॉ. आर.सी. यादव, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, बहरोड़
- रामोतार चौधरी, पूर्व प्रत्याशी, दौसा
- बालेन्दूसिंह शेखावत, पूर्व सचिव, पीसीसी
- कमल मीणा, पूर्व सचिव, पीसीसी
- विजय जैन, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस अजमेर शहर
- रविन्द्र त्यागी, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कोटा शहर
- भानू प्रताप सिंह, अध्यक्ष, जिला काठोस प्रतापगढ़
- हरिप्रसाद बैरवा, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस टोंक
- बिसनाराम सिहाग, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस बीकानेर देहात
- फतेह मोहम्मद, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस बाड़मेर
- रामजीलाल ओढ़, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस दौसा
- निर्मल चौधरी, छात्रसंघ अध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय
- परसराम बिश्नोई
- असमल चौपदार

## राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थापित उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ।

इधर श्रद्धांजलि सभा में उमड़े जन सैलाब के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलमपेल मच गई तथा दोपहर तक जाम की स्थिति पैदा हो गई। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्तर के 11 नेता, 8 सांसद, 47 विधायक तथा 83 पूर्व विधायक एवं मंत्रियों के पहुचने का दावा किया जा रहा है। राजेश पायलट के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई, जिसका कांग्रेस के नेताओं ने अवलोकन किया। अवलोकन के बाद आमजन के लिए प्रदर्शनी खोली दी गई, लोग पायलट के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी को देखकर भाव विभोर हो गये। मंच संचालन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामजीलाल गौड़ ने किया।

इस मौके पर सचिन पायलट के बुलावे पर दौसा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस की एकजुटता को लेकर कहा कि किसने कहा कि हमारे बीच दूरियां हैं। हम सब एकजुट हैं और प्रेम और मोहब्बत से रहते आए हैं। गहलोत ने राजेश पायलट को याद करते हुए कहा कि आज उनकी 25वीं पुण्यतिथि है. राजेश पायलट और मैं एक साथ लोकसभा के लिए सांसद चुने गए थे और 18 साल तक एक साथ सांसद रहे।

गहलोत ने कहा कि उन्होंने भारतीय वायु सेवा में नौकरी की। उसके बाद राजनीति में आए और जिस तरह से उन्होंने गरीबों और शोषितों के लिए काम किया, वह काफी प्रेरणादायक है। आज दौसा में नौजवान भी आए, बुजुर्ग भी आए हैं, जिन लोगों ने उनके साथ काम किया, वे भी आए हैं। एक ऐसा समागम बन गया है, जिससे यह संदेश गया कि वे कैसे व्यक्तित्व के धनी थे। आज यहां आकर फिर वापस वही यादें ताजा हो गई, जब राजेश पायलट और मैं एक साथ सांसद के रूप में काम करते थे।

राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर राजेश पायलट स्मारक पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 111 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सांसद मुरारीलाल मीणा, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, दौसा जिला प्रभारी इन्द्रराज गुर्जर, दौसा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हरकेश अवाना ने स्मृति चिन्ह एवं राजेश पायलट की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इधर युवाओं में रक्तदान को लेकर भारी उत्साह देखा गया, भीषण गर्मी को देखते हुये रक्तदान का कार्यक्रम दो बजे समाप्त कर दिया गया।

## एसी के तापमान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अत्यधिक बिजली खपत पर रोक लगेगी और एसी उपयोग में एकरूपता आएगी। यह देश में इस तरह का पहला प्रयोग होगा, जिससे ऊर्जा खपत पर सीधा असर पड़ेगा। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद कंपनियों को एयर कंडीशनर के ऑपरेटिंग टेम्प्रेचर में बदलाव करना होगा। फिलहाल कई एसी 16 डिग्री सेल्सियस या 18 डिग्री सेल्सियस तक ठंडक देते हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस पर तय कर दिया जाएगा। वहीं, हीटिंग मोड में तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ेगा। इस कदम का असर घरेलू और व्यावसायिक दोनों तरह के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। सरकार इस योजना को पहले प्रयोगात्मक तौर पर लागू करेगी और फिर इसके प्रभावों का मूल्यांकन करेगी।

## लॉस एंजलिस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह बात हज़म नहीं हो रही है कि देश की सेना, जिसे बाहरी दुश्मनों से लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, अब अपने ही नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े प्रमुख राजनेताओं का कहना है कि डॉनल्ड ट्रंप जानबूझकर लॉस एंजिल्स और अन्य स्थानों पर हुई हिंसा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहे हैं, ताकि वे अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को जायज़ ठहरा सकें और खुद को एक 'सख्त निर्णय लेने वाले नेता' के रूप में प्रस्तुत कर सकें।

लॉस एंजिल्स के गवर्नर गैविन न्यूज़ोम ने ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा है कि वे लोगों के शांतिपूर्ण विरोध के अधिकारों को कुचल रहे हैं। न्यूज़ोम ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रंप गंभीर हालात से निपटने के बजाय, सिर्फ नाटक कर रहे हैं।

कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी सेना की तैनाती को लेकर मुकदमा भी दर्ज कराया है, उनका कहना है कि सेना की तैनाती केवल बगावत या विद्रोह की स्थिति में ही की जा सकती है।

न्यूयॉर्क, जो देश का सबसे बड़ा शहर है, वहां की पुलिस ने कहा है कि नेशनल गार्ड्स की तैनाती की कोई ज़रूरत नहीं है। केवल कुछ मामूली घटनाएं हुई हैं, जहां कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर कचरा फेंका है।

हालांकि अमेरिकी खुफिया तंत्र के कई हिस्से ट्रंप प्रशासन की इस कार्रवाई की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन ट्रंप प्रशासन का कहना है कि जरूरत पड़ने पर और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

कुल मिलाकर, प्रशासन की कार्रवाइयों को अनावश्यक रुप से आक्रामक माना जा रहा है।

## सचिन भूलने को तैयार हैं: पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिलचिलाती गर्मी के बावजूद पायलट के निमंत्रण पर गहलोत दौसा पहुँचे और कार्यक्रम में शिरकत की।

एक तरह से गहलोत राजस्थान की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने की कोशिश कर रहे है, हालांकि दिल्ली ने उन्हें कोई भी भूमिका देने से फिलहाल इन्कार कर दिया है।

गहलोत दिल्ली को यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे बदल चुके हैं और पार्टी में एकजुटता चाहते है। गहलोत ने कहा कि वे और सचिन पायलट साथ हैं, अब दोनों के बीच कोई मतभेद या शत्रुता नहीं है और वे दोनों पार्टी व राज्य के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन समस्या यह है कि गहलोत की इस "बदलाव" की कहानी पर कोई भरोसा नहीं कर रहा, खासकर कांग्रेस हाईकमान।

जैसा कि एक नेता ने अंग्रेज़ी की कहावत का जिक्र करते हुए कहा, "लैपर्ड नेवर चैंज हिज़ स्पॉट्स" (व्यक्ति अपना मूल स्वभाव नहीं बदल सकता), वैसे ही गहलोत का भी ऐसे उदार नेता के रूप में दिखना मुश्किल है जो सचिन पायलट को गले लगाने को तैयार हैं।"

- **गहलोत की साज़िश के कारण हाईकमान के दोनों पर्यवेक्षकों, खड़गे व माकन, को बैरंग दिल्ली लौटना पड़ा।**
- **अतः गहलोत के लिए, दिल्ली के सभी रास्ते बंद हैं इसलिए वे सचिन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में गए, हाईकमान को विश्वास दिलाने के लिए वे अब बदल गए हैं और पश्चाताप की अग्नि से गुजर कर परिष्कृत हो गये हैं।**

दोनों नेता एक-दूसरे के लिए अच्छी बातें कह रहे हैं, लेकिन यह सब सतही और औपचारिक लगता है। राजस्थान के कई वरिष्ठ नेता, जिनमें एआईसीसी महासचिव रंधावा भी शामिल हैं, सचिन पायलट के आमंत्रण पर वहाँ उपस्थित थे। जहाँ गहलोत अब बीते कल की बात माने जा रहे हैं, वहीं सचिन पायलट न केवल राजस्थान, बल्कि कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय राजनीति में उभरते सितारे के रूप में देखे जा रहे हैं।

उन्होंने राज्य के युवाओं और विभिन्न जातियों को अपने साथ जोड़ने में सफलता पाई है और निस्संदेह वे राजस्थान का भविष्य हैं।

सचिन पायलट के पक्ष में यह ज़रूर कहा जाना चाहिए कि उन्होंने पहल की, रिश्तों में व्याप्त ठंडेपन को कम किया और गहलोत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। राज्य व दिल्ली की बात छोड़ भी दें तो यही बात उन्हें गहलोत समर्थकों के बीच भी पार्टी में कई "ब्राउनी पॉइन्ट्स" (फायदे) दिलाएगी।






मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908